दैनिक

नव प्रदेश

आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 2 | अभिव्यक्ति 3 | राजधानी 6 | आंचलिक 7 | छत्तीसगढ़

RNI NO.CHHHIN/2012/41806 रायपुर, शुक्रवार 31 मार्च 2023, कृष्ण पक्ष दशमी, विक्रम संवत-2080 वर्ष-12 अंक-49 पृष्ठ-08 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

आज बेबाक

हेट स्पीच को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र सरकार को कड़ी फटकार लगाई है। इससे हेट स्पीच देने से भाई लोग शायद ही बाज आएं। अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर पूरे देश में हेट स्पीच प्रतिस्पर्धा चल रही है। दूसरे धर्म की बात तो छोड़ों अपने ही धर्म के बारे में हेट स्पीच देने वालों की भी हमारे यहां कोई कमी नहीं है। एक ढूंढो हजार मिलते है नगद ढूंढो हजार मिलते है। हेट स्पीच देने वालों की जुबान पर लगाम लगाने के लिए कड़े कानूनी प्रावधान निहायत जरूरी है। यदि सरकार ऐसा नहीं करती तो सुप्रीम कोर्ट को ही आगे आना चाहिए।

कल भोपाल दौरे पर पीएम मोदी, संयुक्त कमांडर सम्मेलन को करेंगे संबोधित

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एक अप्रैल को भोपाल का दौरा करेंगे। प्रातः लगभग 10 बजे प्रधानमंत्री भोपाल में कुशाभाऊ ठाकरे हॉल में संयुक्त कमांडर सम्मेलन-2023 में सम्मिलित होंगे। उसके बाद लगभग सवा तीन बजे, प्रधानमंत्री भोपाल के रानी कमलापति रेलवे स्टेशन पर भोपाल और नई दिल्ली के बीच चलने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। सैन्य कमांडरों का तीन दिवसीय सम्मेलन 30 मार्च से एक अप्रैल तक आयोजित किया गया है। सम्मेलन की विषयवस्तु 'रेडी, रीसर्जन्ट, रेलेवेंट' है। सम्मेलन के दौरान सशस्त्र बलों की युद्धभूमि की संयुक्त तैयारियों के मद्देनजर विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की जायेगी। सशस्त्र बलों की तैयारी और 'आत्मनिर्भरता' प्राप्त करने की दिशा में रक्षा इकोसिस्टम की प्रगति की भी समीक्षा की जायेगी। सम्मेलन में तीनों सशस्त्र बलों के कमांडर और रक्षा मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी हिस्सा लेंगे। थलसैनिकों, नौसैनिकों और वायुसैनिकों के साथ समावेशी और अनौपचारिक बातचीत भी होगी। ये सभी चर्चाओं में योगदान करेंगे।

वंदे भारत एक्सप्रेस का करेंगे शुभारंभ

वंदे भारत एक्सप्रेस ने देश में यात्रियों के यात्रा-अनुभव को पुनर्भाषित कर दिया है। नई रेलगाड़ी भोपाल के रानी कमलापति रेलवे स्टेशन और नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के बीच चलेगी। यह देश की ग्यारहवीं वंदे भारत एक्सप्रेस होगी। स्वदेशी स्तर पर वंदे भारत एक्सप्रेस को डिजाइन किया गया है, जो उत्कृष्ट यात्रा सुविधाओं से लैस हैं। इस रेलगाड़ी से सभी यात्रियों को तेज, आरामदेह और सुविधाजनक यात्रा का अनुभव होगा, क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा और आर्थिक विकास को प्रोत्साहन मिलेगा।

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह पहुंचे भोपाल

इससे पहले गुरुवार को रक्षामंत्री राजनाथ सिंह भोपाल पहुंच गए। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह, मंत्री विश्वास सारंग और भाजपा प्रदेशाध्यक्ष वीडी शर्मा ने एयरपोर्ट पर उनकी अगवानी की। राजनाथ सिंह भोपाल में 1 अप्रैल तक रहेंगे। गुरुवार को मुख्यमंत्री निवास पर राजनाथ सिंह समेत अन्य मंत्री और संगठन पदाधिकारियों का डिनर होगा। इसके अलावा, केंद्रीय और स्टेट इंटेलिजेंस के अफसरों से बैठक भी करेंगे। होटल ताज में राजनाथ सिंह दो दिन तक ठहरेंगे।

मंदिर की बावड़ी की छत धंसी, 13 की मौत

■ रामनवमी पर हवन कर रहे करीब 30 लोग 40 फीट नीचे गिरे, 17 को बचाया

एजेंसी, इंदौर। इंदौर के बेलेश्वर महादेव झूलेलाल मंदिर में रामनवमी पर बावड़ी की छत धंसने से 13 लोगों की मौत हो गई। 40 फीट गहरी बावड़ी में 30 से ज्यादा लोग गिरे थे। बावड़ी से कुल 11 शव निकाले गए, जबकि पुलिस ने रस्सियों की मदद से 19 लोगों को बाहर निकालकर अस्पताल में भर्ती कराया, जहां दो लोगों ने दम तोड़ दिया। बावड़ी में चार से पांच फीट पानी है। नगर निगम तीन पंप की मदद से पानी निकाल रहा है। आशंका है कि अभी भी कुछ लोग बावड़ी में डूबे हुए है। समाचार लिखे जाने तक रेस्क्यू रुका हुआ था, पानी निकालने के बाद दोबारा रेस्क्यू शुरू होगा। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, सपना संगीता रोड स्थित स्नेह नगर में हवन के दौरान हादसा हुआ। लोग बावड़ी की छत पर बैठे थे। वजन से उसकी छत टूट गई और लोग नीचे गिर गए। यह मंदिर करीब 60 साल पुराना है। मंदिर में दर्शन करने आया एक बच्चा अब भी लापता है। कलेक्टर ने घटना की मजिस्ट्रियल जांच कराने की बात कही है। गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने बताया बावड़ी से निकाली गई 11 डेडबॉडी में से 10 महिलाओं की है। अभी तक हादसे में हम 13 लोगों को खो चुके है। मौके पर प्रशासन रेस्क्यू कार्य में जुटा हुआ है। हादसे की जांच के आदेश भी दिए जा चुके हैं। जिन लोगों का बचाव किया गया है, उनका इलाज किया जा रहा है।

पीएम ने सीएम को फोन कर जाने हालात : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्वीट कर कहा कि इंदौर में हुए हादसे से बेहद आहत हूं। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से बात कर स्थिति की जानकारी ली। राज्य सरकार बचाव और राहत कार्य में तेजी से आगे बढ़ रही है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मृतकों के परिजनों के 5-5 लाख रुपए और घायलों को 50-50 हजार रुपए मुआवजा देने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि सरकार घायलों को इलाज कराएगी।

हवन के कारण मंदिर में भीड़ थी

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि मंदिर में हवन चल रहा था। इस दौरान बावड़ी वाले हिस्से पर काफी भीड़ हो गई। इनमें अधिकांश महिलाएं और बच्चे थे, जो आगे हो रहे हवन को देखने के लिए बावड़ी वाले हिस्से पर बैठे थे। बताया जा रहा है कि मंदिर परिसर में निर्माण और खुदाई का काम चल रहा है। आशंका है कि यह भी हादसे की वजह हो सकता है। कुछ रहवासियों ने चूहों के कारण कुआं खोखला होने की बात भी कही है।

आईपीएल 2023 का आगाज आज

नई दिल्ली। आईपीएल 2023 की शुरुआत आज 31 मार्च शुक्रवार से होगी. इस बार टूर्नामेंट का 16वां सीजन खेला जाएगा. आईपीएल के पिछले सीज़न में डेब्यू करने वाली गुजरात टाइटंस विजेता रही थी. हार्दिक पांड्या की अगुवाई वाली गुजरात ने अपने पहले सीजन मे शानदार प्रदर्शन किया था. आईपीएल के 16वें सीज़न का पहला मैच गत विजेता गुजरात टाइटंस और चार बार आईपीएल खिताब जीत चुकी चेन्नई सुपर किंग्स के बीच खेला जाएगा. यह मैच अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा. इस मैच के पहले उद्घाटन शेरेमनी का आयोजन किया जाएगा। जहां साउथ व बॉलीवुड के एक्टर व एक्ट्रेस परफार्म करेंगे।

राहुल गांधी की बढ़ सकती है मुश्किलें, सूरत के बाद अब पटना कोर्ट से समन

एजेंसी, पटना। कांग्रेस नेता राहुल गांधी की मुश्किलें कम होने के नाम नहीं ले रही हैं। अभी हाल ही में मोदी सरनेम को लेकर उनकी सदयस्ता रद्द हुई है। इसी बीच मोदी उपनाम को लेकर एक और मुसीबत उनके गले आ पड़ती हुई दिखाई दे रही है। दरअसल, मोदी सरनेम पर विवादित टिप्पणी की वजह से पटना की एक अदालत ने उन्हें समन भेजा है। जिसके बाद से ही चर्चा तेज हो गई है कि अब राहुल गांधी क्या करेंगे। कांग्रेस नेता और पूर्व सांसद राहुल गांधी को मोदी सरनेम पर टिप्पणी करने की वजह से पटना के एमपी एमएलए कोर्ट ने समन जारी किया है और उन्हें 12 अप्रैल को अदालत के समक्ष पेश होने के लिए कहा गया है। बता दें कि, बीजेपी सांसद सुशील मोदी ने राहुल गांधी पर मोदी सरनेम पर की गई टिप्पणी को लेकर मानहानि का केस ठोका था। जिसकी वजह से अदालत ने राहुल गांधी को समन थमाया है। हालांकि, खबरों की मानें तो राहुल गांधी के कोर्ट में पेश होने की संभावना कम जताई जा रही है। इस पूरे मामले में, मोदी सरनेम पर दिए गए बयान को लेकर शिकायतकर्ता की ओर से सभी गवाहों के बयान दर्ज किए जा चुके हैं। लेकिन अभी राहुल गांधी का बयान दर्ज करना बाकी है, जो मानहानि केस में आरोपी हैं। इसी बात को ध्यान में रखते हुए पटना के एमपी एमएलए कोर्ट ने राहुल गांधी को 12 अप्रैल को बुलाया है, ताकि वह अपनी बात अदालत के सामने रख सकें। बता दें कि, राहुल गांधी पर मानहानि का मामला बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम सुशील मोदी ने मोदी सरनेम पर विवादित टिप्पणी को लेकर कराई थी। साल 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान राहुल गांधी ने कर्नाटक में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा था कि सारे मोदी सरनेम वाले चोर ही क्यों होते हैं? इसी को आधार बनाते हुए बीजेपी नेता ने राहुल गांधी पर मोदी समुदाय का अपमान बताते हुए मानहानि का केस ठोक दिया था, जिसकी वजह से अब एक बार फिर राहुल गांधी फंसते हुए नजर आ रहे हैं।

संपादकीय

पंजाब पुलिस की नाकामी उजागर

खालिस्थान समर्थक अमृतपाल पिछले एक पखवाड़ें से पुलिस के साथ आंख मिचौली खेल रहा है। पंजाब पुलिस उसका सुराग पता लगाने में भी असफल रही है। यही नहीं बल्कि अब तो कई राज्यों की पुलिस भी अमृतपाल को खोज रही है लेकिन वह पुलिस के हाथ नहीं आ रहा है। यह पंजाब पुलिस और खुफिया तंत्र की नाकामी ही है। अमृतपाल सिंह खुद को वारिस पंजाब दे का मुखिया कहता है। लेकिन वो कानून की नजर में भगोड़ा है, अगर कहें कि उसकी हरकतें किसी भी मायने में स्वीकार नहीं की जा सकती तो गलत ना होगा। 12 दिन बीत जाने के बाद भी वो पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। कभी पंजाब, कभी हरियाणा, कभी दिल्ली, कभी लखीमपुर तो कभी नेपाल के बाद बुधवार को सुबह सुबह जानकारी मिली कि वो पंजाब के होशियारपुर में पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। इतना ही नहीं उसने पंजाब पुलिस को चुनौती देते हुए कहा है कि किसी में दम नहीं कि वो उसे पकड़ ले। सवाल यह है कि हाईटेक का दावा करने वाली पंजाब पुलिस उसे क्यों नहीं पकड़ पा रही है। क्या उसके तंत्र के आगे पुलिस का तंत्र नाकाम साबित हो रहा है। हालांकि पंजाब पुलिस का कहना है कि उसे हम पकड़ ही लेंगे। अमृतपाल पहले नेपाल के रास्ते आईएसआई के शेल्टर में जाने की कोशिश में था, लेकिन ये मिशन नाकाम हो गया. जिसके बाद वह एक बार फिर वापस पंजाब लौट आया है. यहां पुलिस उसे पकड़ने के लिए सर्च अभियान चलाए हुए है. दरअसल आईएसआई के इशारे पर अमृतपाल सिंह और उसका खासमखास पप्पलप्रीत सिंह नेपाल सीमा तक पहुंचे थे. यहां दोनों को नेपाल सीमा में प्रवेश करना था. जिसके बाद आईएसआई के स्लीपर सेल की मदद से अमृतपाल और पप्पलप्रीत को किसी दूसरे देश के आईएसआई के शेल्टर हाउस में भेजा जाना था. भारत सरकार की सख्ती की वजह से अमृतपाल भारत-नेपाल सीमा पार नहीं कर सका. मिशन सफल होता न देख पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी ने अमृतपाल को वापस पंजाब लौटने का इशारा किया. जिसके बाद वह वापस लौटा है. यहां से वह बॉर्डर के रास्ते पाकिस्तान में भागने की फिराक में है। आईएसआई पंजाब से सटी पाकिस्तान की सीमा से अमृतपाल को पाकिस्तान में लाने का प्रयास कर सकती है. अमृतपाल को सीमा पार पहुंचाने के लिए आईएसआई ने पाकिस्तान से सटे पंजाब के फाजिल्का, फिरोजपुर, तरनतारन, गुरदासपुर, अमृतसर और अजनाला के इलाकों में अपने स्लीपर सेलों को एक्टिव किया है. आईएसआई ने जो प्लान बनाया है उसके मुताबिक पाकिस्तान जिस रूट से भारत में अपने स्लीपर सेलों को हथियार और नशे की खेप भेजता है, उसी रूट के माध्यम से अमृतपाल सिंह को पंजाब से निकालकर पाकिस्तान भेजने की तैयारी करने के निर्देश दिए गए हैं. 18 मार्च को पंजाब पुलिस ने अमृतपाल और उसके खालिस्तानी समर्थकों के खिलाफ अभियान शुरू किया था. तब से अमृतपाल फरार है. फरारी के दौरान वह लगातार पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के संपर्क में रहा है. आईएसआई के साथ संपर्क में रखने में उसका सहयोगी और साथ में ही फरार चल रहा पप्पलप्रीत सिंह जरिया बना हुआ है।

किशन भावनानी

साथियों बात अगर हम इस शिखर सम्मेलन को भारत के लिए महत्वपूर्ण कड़ी की करें तो, चूंकि भारत दुनिया का सबसे बड़ा और सबसे ज़्यादा आबादी वाला लोकतांत्रिक देश है और साम्राज्यवाद के बाद के दौर के सभी देशों में से भारत के पास लोकतांत्रिक प्रक्रिया का बहुत समृद्ध और विविधता भरा तजुर्बा रहा है, ऐसे में माना यही जाता है कि तानाशाही विस्तारवादी मुल्क के ख़िलाफ़ वैश्विक मोर्चेबंदी की अगुवाई लिहाज़ से भारत सबसे अहम देश है। फिर भी इस शिखर सम्मेलन में लोकतंत्र पर अपने कमज़ोर घरेलू रिकॉर्ड को लेकर भारत को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तुर्श निगाहों का सामना करना पड़ सकता है क्योंकि फ्रीडम हाउस ने 2022 की अपनी रिपोर्ट में भारत को केवल आंशिक रूप से स्वतंत्र कहा था। वहीं, वी-डेम ने एक क़दम और आगे जाकर भारत को 'चुनावी तानाशाही' क़रार दे दिया था। और अब अपनी 2023 की रिपोर्ट में ईडीआई पर 108 वीं रैंक और सीडीआई में 97 वी रैंक दी है।

द्वितीय लोकतंत्र शिखर सम्मेलन का आगाज़

वैश्विक स्तरपर सर्वविदित है कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा, मज़बूत और अद्वितीय योगदान देने वाला अभूतपूर्व यशस्वी लोकतंत्र है,जिसकी खुशबू पूरी दुनिया भी महसूस कर रही है, इसके बावजूद कुछ अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों की रिपोर्ट जैसे वी-डैम डेमोक्रेसी रिपोर्ट 2023 में भारत को ईडीआई में 108 वीं रैंकिंग और सीडीआई में 96 वीं रैंक दी गई है। उसी तरह आईडीईए की ग्लोबल वॉइस आफ डेमोक्रेसी 2022 में प्रतिकूल रैन्किंग दी गई है जिससे भारत की वैश्विक डेमोक्रेटिक स्थिति पर सवालिया निशान लगाया जाता है यहां तक कि आज दिनांक 30 मार्च 2023 तक भी हम प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में भारतीय विपक्षी पार्टियों व अन्य नेताओं के बयान सुनाइए दे रहें है कि भारतीय लोकतंत्र खतरे में है, भारतीय संविधान और संवैधानिक एजेंसियां खतरे में है, उनका दुरुपयोग हो रहा है इत्यादि बयानों का प्रतिकूल प्रभाव वैश्विक स्तरपर पड़ने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। इसलिए भारत के पास 29-30 मार्च 2023 जो सह सहयोगी यूएस और उसके मेजबानी में आयोजित द्वितीय लोकसभा शिखर सम्मेलन मंच में भारतीय लोकतंत्र का माननीय पीएम ने अपने संबोधन से वर्णन बताकर भारतीय लोकतंत्र का स्वयं आगाज़ किया। इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे कि भारत के पास मज़बूत लोकतंत्र के निर्माण में ठोस योजनाओं अद्वितीय रिकॉर्ड बताने का लोकतंत्र शिखर सम्मेलन सटीक मंच है।

साथियों बात अगर हम दिनांक 29 मार्च 2023 को माननीय पीएम द्वारा इस सम्मेलन में संबोधन की करें तो, उन्होंने कहा कि भारत वास्तव में लोकतंत्र की जननी है। लोकतंत्र सिर्फ एक ढांचा नहीं है, यह एक आत्मा भी है। यह इस विश्वास पर आधारित है कि हर इंसान की जरूरतें और आकांक्षाएं समान रूप से महत्वपूर्ण हैं। भारत में हमारा मार्गदर्शक दर्शन सबका साथ, सबका विकास' है - जिसका अर्थ है समावेशी विकास के लिए एक साथ काम करना'। भारत आज अनेक वैश्विक चुनौतियों के बावजूद सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है। यह स्वयं विश्व में लोकतंत्र के लिए सबसे अच्छा उदाहरण है। प्राचीन भारत में शेष विश्व से बहुत पहले निर्वाचित नेताओं का विचार सामान्य विशेषता थी। हमारे प्राचीन महाकाव्य महाभारत में नागरिकों का प्रथम कर्तव्य अपने नेता को चुनने के रूप में वर्णित किया गया है।हमारे पवित्र वेदों में, व्यापक-आधार वाले परामर्श निकायों द्वारा राजनीतिक शक्ति का उपयोग किए जाने की बात कही गई है। प्राचीन भारत में गणतंत्र राज्यों के कई ऐतिहासिक संदर्भ भी हैं, जहां वंशानुगत शासक नहीं थे। भारत वास्तव में लोकतंत्र की जननी है।लोकतंत्र केवल एक संरचना नहीं है, बल्कि यह एक आत्मा भी है। यह इस मत पर आधारित है कि प्रत्येक मनुष्य की आवश्यकताएं और आकांक्षाएं समान रूप से महत्वपूर्ण हैं। इसलिए, जीवन शैली में परिवर्तन के

माध्यम से जलवायु परिवर्तन से लड़ने का हमारा प्रयास हो, वितरित भंडारण के माध्यम से जल संरक्षण करना हो या सभी को स्वच्छ रसोई ईंधन देना हो, हर पहल भारत के नागरिकों के सामूहिक प्रयासों से संचालित होती है। सम्मेलन का मकसद लोकतंत्र को अधिक जवाबदेह और लचीला बनाना तथा वैश्विक लोकतांत्रिक प्रणाली को नया रूप देने के लिए साझेदारी का वातावरण तैयार करना है। सम्मेलन में मुख्य तीन बिन्दुओं पर विचार-विमर्श हुआ। ये हैं- लोकतंत्र को मजबूत करना और अधिनायकवाद से बचाना, भ्रष्टाचार के विरुद्ध लड़ाई तथा मानवाधिकारों के प्रति सम्मान। उन्होंने कहा कि चाहे जीवनशैली में बदलाव के माध्यम से जलवायु परिवर्तन से लड़ने का भारत का प्रयास हो, वितरित भंडारण के माध्यम से जल संरक्षण हो या सभी को स्वच्छ खाना पकाने का ईंधन प्रदान करना हो, हर पहल यहां के नागरिकों के सामूहिक प्रयासों से संचालित होती है। कोविड-19महामारी के दौरान भारत की प्रतिक्रिया लोगों द्वारा संचालित थी। देश की टीका मैत्री पहल वसुधेव कुटुम्बकम के मंत्र से भी निर्देशित है, जिसका अर्थ है एक धरती, एक परिवार और एक भविष्य'। समिट फॉर डेमोक्रेसी, 2023' को डिजिटल माध्यम से संबोधित करते हुए कहा कि उनकी सरकार की हर पहल भारत के नागरिकों के सामूहिक प्रयासों से संचालित होती है। लोकतंत्र शिखर सम्मेलन के दूसरे संस्करण की सह-मेजबानी अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन, कोस्टा रिका के राष्ट्रपति रोड्रिगो चावेस रॉबल्स, जाम्बिया के राष्ट्रपति हाकाइंडे हिचिलेमा, नीदरलैंड के पीएम मार्क रूट और दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यून सुक योल ने की। सम्मेलन का आयोजन दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यून-सुक-योल ने किया था। इससे पहले पीएम ने विपक्ष के आरोपों पर कहा था कि जब दुनिया के बुद्धिजीवी हमारे देश को लेकर आशावादी हैं, तो इस बीच देश को खराब रोशनी में दिखाने और मनोबल को ठेस पहुंचाने की बातें भी हो रही हैं। दुनिया को भारत ने दिखा दिया है कि लोकतंत्र नतीजे दे सकता है।हमारे लोकतंत्र की सफलता से कुछ लोग परेशान हो रहे हैं। इसी वजह से लोकतंत्र पर हमले किए जा रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद भारत आगे बढ़ता रहेगा। इस दौरान वैश्विक नेता निजी तौर पर या फिर वर्चुअली तरीके से जुड़ रहे हैं। इस सम्मेलन का उद्देश्य लोकतंत्र को अधिक जवाबदेह और लचीला बनाना है।

साथियों बात अगर हम इस शिखर सम्मेलन को भारत के लिए महत्वपूर्ण कड़ी की करें तो, चूंकि भारत दुनिया का सबसे बड़ा और सबसे ज़्यादा आबादी वाला लोकतांत्रिक देश है और साम्राज्यवाद के बाद के दौर के सभी देशों में से भारत के पास लोकतांत्रिक प्रक्रिया का बहुत समृद्ध और विविधता भरा तजुर्बा रहा है, ऐसे में माना यही जाता है कि तानाशाही विस्तारवादी मुल्क के ख़िलाफ़ वैश्विक मोर्चेबंदी की अगुवाई लिहाज़ से भारत सबसे अहम देश है। फिर भी इस शिखर सम्मेलन में लोकतंत्र पर अपने कमज़ोर घरेलू रिकॉर्ड को लेकर भारत को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तुर्श निगाहों का सामना करना पड़ सकता है क्योंकि फ्रीडम हाउस ने 2022 की अपनी रिपोर्ट में भारत को केवल आंशिक रूप से स्वतंत्र कहा था। वहीं, वी-डेम ने एक क़दम और आगे जाकर भारत को 'चुनावी तानाशाही' क़रार दे दिया था। और अब अपनी 2023 की रिपोर्ट में ईडीआई पर 108 वीं रैंक और सीडीआई में 97 वी रैंक दी है। इंटरनेशनल आईडीईए की सबसे ताज़ा रिपोर्ट ग्लोबल स्टेट ऑफ़ डेमोक्रेसी 2022 में भी उन देशों में शुमार किया गया था, जहां लोकतंत्र सबसे तेज़ी से कमज़ोर हो रहा है. जहां पर लोकतंत्र का सबसे घातक और जान-बूझकर अवमूल्यन हो रहा है. हालांकि, ऐसे देशों में भारत अकेला नहीं है. इसी रिपोर्ट में दुनिया के सबसे स्थापित लोकतांत्रिक देशों में लोकतांत्रिक अवमूल्यन की चिंताजनक तस्वीर पेश की गई थी। इत्तिफ़ाक़ से आईडीईए ने लोकतंत्र पर शिखर सम्मेलन के मेज़बान अमेरिका को भी लोकतांत्रिक अवमूल्यन के शिकार देशों की सूची में रखा था।

आज का पंचांग (शुक्रवार 31 मार्च 2023)

सूर्योदय : 06:28, सूर्यास्त : 06:34
चन्द्रोदय : 11:24, चन्द्रास्त : 26:16

अयन उत्तरायणे (दक्षिणगोलीय)

ऋतु : बसंत, शक सम्वत : 1945 (शोभकृत), विक्रम सम्वत : 2080 (पिंगल), मास : चैत्र, पक्ष : शुक्ल, तिथि : नवमी, नक्षत्र : पुनर्वसु, योग : शोभन (24:13 से अतिगण्ड), प्रथम करण : विष्टि (08:01 तक), द्वितीय करण : बव (21:07 तक)।

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : मीन चंद्र : मिथुन, मंगल : मिथुन (उदित, पश्चिम, मार्गी), बुध : मीन (अस्त, पूर्व, मार्गी), गुरु : मीन (उदित, पूर्व, मार्गी), शुक्र : मेष (उदित, पश्चिम), शनि : कुम्भ (उदित, पूर्व, मार्गी), राहु : मेष, केतु : तुला।

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अमृत काल : 09:02 से 10:49, रवियोग : 20:07 से 30:09, विजय मुहूर्त : 14:26 से 15:15, गोधूलि मुहूर्त : 18:32 से 18:55, सायाह्न सन्ध्या : 18:33 से 19:43, निशिता मुहूर्त : 23:58 से 24:44, राहुकाल : 13:30 से 15:00, राहुवास : दक्षिण-पश्चिम, यमगण्ड : 07:43 से 09:16, होमाहुति : शुक्र, दिशाशूल : उत्तर, अग्निवास : आकाश, भद्रावास : स्वर्ग (08:01 तक), चन्द्रवास : पश्चिम, शिववास : श्मशान में (21:07 से, गौरी के साथ)।

चौघड़िया विचार

॥ दिन का चौघड़िया ॥
1 - लाभ, 2 - अमृत, 3 - काल, 4 - शुभ, 5 - रोग, 6 - उद्वेग, 7 - चर, 8 - लाभ

॥रात्रि का चौघड़िया॥
1 - उद्वेग, 2 - शुभ, 3 - अमृत, 4 - चर, 5 - रोग, 6 - काल, 7 - लाभ, 8 - उद्वेग

नोटः दिन और रात्रि के चौघड़िया का आरंभ क्रमशः सूर्योदय और सूर्यास्त से होता है। प्रत्येक चौघड़िए की अवधि डेढ़ घंटा होती है।

शुभ यात्रा दिशाः पश्चिम-दक्षिण (धनिया अथवा दलिया का सेवन कर यात्रा करें)

तिथि विशेष- पश्चिम-दक्षिण (गुड़ अथवा दूध का सेवन कर यात्रा करें)

आज जन्मे शिशुओं का नामकरण

आज जन्मे शिशुओ का नाम पूनर्वसु नक्षत्र के प्रथम ,द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ चरण अनुसार क्रमशः (के,को,हा,ही) नामाक्षर से रखना शास्त्रसम्मत है।

उदय-लग्न मुहूर्त

मीन - 29:35 से 06:59, मेष - 06:59 से 08:33, वृषभ - 08:33 से 10:27, मिथुन - 10:27 से 12:42, कर्क - 12:42 से 15:04, सिंह - 15:04 से 17:23, कन्या - 17:23 से 19:41, तुला - 19:41 से 22:02, वृश्चिक - 22:02 से 24:21, धनु - 24:21 से 26:24, मकर - 26:24 से 28:06, कुम्भ - 28:06 से 29:31

पञ्चक रहित मुहूर्त

शुभ मुहूर्त - 06:10 से 06:59, मृत्यु पञ्चक - 06:59 से 08:33, अग्नि पञ्चक - 08:33 से 10:27, शुभ मुहूर्त - 10:27 से 12:42, रज पञ्चक - 12:42 से 15:04, शुभ मुहूर्त - 15:04 से 17:23, चोर पञ्चक - 17:23 से 19:41, शुभ मुहूर्त - 19:41 से 20:07, रोग पञ्चक - 20:07 से 21:07, शुभ मुहूर्त - 21:07 से 22:02, मृत्यु पञ्चक - 22:02 से 24:21, अग्नि पञ्चक - 24:21 से 26:24, शुभ मुहूर्त - 26:24 से 28:06, रज पञ्चक - 28:06 से 29:31,शुभ मुहूर्त - 29:31 से 30:09।

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेष- आज का दिन आपको नए अवसर प्रदान करेगा लेकिन महत्त्वपूर्ण निर्णय लेने से पहले अनुभवियों की सलाह अवश्य लें।

वृष- आज के दिन आपकी आलसी प्रवृति प्रत्येक कार्य की गति मंद रखेगी। घर अथवा कार्य क्षेत्र पर इस वजह से फटकार भी लग सकती है।

मिथुन- आज के दिन परिस्थितियां आपके अनुकूल बन रही है इसका लाभ उठाएं अन्यथा आज जैसी सुविधा कल नही मिल सकेगी।

कर्क- आज के दिन आपको कुछ ना कुछ परेशानी में डालेगा। दिनचार्य व्यवस्थित रहेगी सभी कार्यो की योजना पूर्व में बना लेंगे फिर भी अन्य लोगो के कारण असुविधा होगी।

सिंह- आज आपको सलाह है अपने आवश्यक कार्यो को लापरवाही छोड़ संध्या से पहले पूर्ण कर लें अन्यथा इसके बाद परिस्थिति बदलने पर केवल हानि ही हाथ लगेगी।

कन्या- आज आपका दिन व्यस्तता से भरा रहेगा। दिन का आरंभिक भाग सुस्ती भरा रहेगा इसके बाद कार्यो के प्रति गंभीर हो जाएंगे।

तुला- आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहेगा। दिन का आरंभ आध्यात्मिक गतिविधियों में व्यस्तता से होगा।

वृश्चिक- आज का दिन भी आपके लिए प्रतिकूल फलदायी है प्रातः काल से ही मन किसी अरिष्ट की आशंका से व्याकुल रहेगा।

धनु- आज का दिन आपकी कल्पना को साकार रूप देने में सहायक रहेगा। प्रातः काल मन में किसी कार्य को लेकर दुविधा रहेगी।

मकर- आज के दिन आपकी सोची हुई योजनाए पूर्ण होने से उत्साह से भरे रहेंगे। कार्य व्यवसाय एवं पारिवारिक वातावरण दोनो ही आपके अनुकूल रहेगा।

कुंभ- आज भी दिन आपके लिये कुछ खास नही रहेगा फिर भी बीते कल की अपेक्षा आज थोड़ी राहत मिलेगी। परन्तु जो बात बीत चुकी है उसे दोबारा हवा ना दे।

मीन- आज के दिन आपके अंदर अहम की भावना रहेगी इस कारण कार्य क्षेत्र अथवा घर मे टकराव की स्थिति बनेगी।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

इक जुनूँ सा सवार

इक जुनूँ सा सवार है मुझमें गम का गर्दो गुबार है मुझमें मेरी आँखों का नूर ज़ामिन है कोई तो बेक़रार है मुझमें वो छुड़ाने लगे हैं दामन अब जिनका दिल तार तार है मुझमें जल रहा है चिराग यादों का ज़िन्दा मेरी मज़ार है मुझमें मेरा मिलना है ऐरे-गैरों से रिश्ता हर उस्तवार है मुझमें जिंदा रहना तुम्हारा मक़सद है मरने का इख्तियार है मुझमें ये रफ़ूगर से भर न पाएगी 'सोनी' ऐसी दरार है मुझमें। – **सोनिया राय**

चल रे मनुआ

चल रे मनुआ उस ओर चलें, जिस ठौर सदा शुभ आस फले । रसधार जहाँ बरसा करती, मन भावन शीतल छाँव तले । जग में खप के मन देख लिया, ठगिया जग बातन-बात छले । अब चेत सखे इससे पहले, इस जीवन की यह साँझ ढले।

– **निधि भार्गव मानवी**

खास पाती

मुझे पसंद हैं मुस्कुराती हुई

मुझे पसंद हैं मुस्कुराती हुई लड़कियाँ जो बात- बात पर दिखाती हैं अपने दांत मानो लगता हैं कोई अभिनेत्री कर रही हो विज्ञापन कोल-गेट या सेन्सोडाईन का मज़े की बात हैं इस बात के उन्हें पैसे नहीं मिलते फिर भी वे हसती है उनकी हसी में एक उन्मुक्तता है वो तोड़ती हैं वर्जनायें मत हसो. कि सभ्य घर की लड़कियों के दांत नहीं दिखते इस बात से असहमति रखते हुए जब लड़कियाँ हसती है चौराहों.सड़कों .पार्कों में झुण्ड के झुण्ड खिलखिलाती है हंसी स्कूल की भीड़ में साईकिल चलाते हुए टैम्पू में लगता है जैसे हस रही हो एक नदी अपने आप में। – **डॉ समीक्षा पाण्डेय**

फलक पे चांद तारा ही

फलक पे चांद तारा ही नहीं था, उजालों का इशारा ही नहीं था। मुहब्बत में ग़मों का वार था यूँ, कि खुशियों ने पुकारा ही नहीं था। रगों का हौसला मजबूत था तो, कोई भी युद्ध हारा ही नहीं था। चराग़े-हुस्न से रिश्ता था कुछ यूँ, हवा-ए-इश्क़ प्यारा ही नहीं था। समंदर में सुकूं मिलता है मुझको, किनारों का ख़सारा ही नहीं था। तुम्हारी यादें तड़पाती हैं अब भी, तुझे दिल से उतारा ही नहीं था। बिछड़ के तुमसे नाकामी मिली , कि तेरे बिन गुज़ारा ही नहीं था। – **डॉ संजय दानी**

कोई दिल को भा जाए तो

कोई दिल को भा जाए तो और दिमाग में छा जाए तो फिर शायद होता होगा कुछ ऐसे छोड़.... चला जाए तो सांसे अटकी रह जाती है यादें भटकी रह जाती है मन-मष्तिष्क स्तब्ध रह जाता सुधबुध शायद खो जाती है।

– **जे डी कुदाल**

खुल्द के मुन्तजिर चश्मे तर

खुल्द के मुन्तजिर चश्मे तर दम-ब-दम रूहे जांनमाज़ पर सजदे में है मुसलसल क़ामत दराज़ी मुमकिन नहीं आसमां तक खुदाया बरसा दे ज़मीं पर रहमतों का जाम ए ज़म।

– **नम्रता सरन'सोना**

बाहुबली , पुष्पा , केजीएफ, कांतारा

बाहुबली , पुष्पा , केजीएफ, कांतारा जैसी फिल्मों ने बॉलीवुड की कमर तोड़ दी है । बॉलीवुड के दबंगों की हवा निकल गई है , उन्हें समझ नहीं आ रहा कि श्वास किधर से ले और बड़े बड़े विज्ञापनों में भी साउथ के नायक नायिका नज़र आने लगे हैं अब वह दिन दूर नहीं जब बॉलीवुड वाले केवल माचो , लक्स , और रूपा के विज्ञापनों में ही सिमट के रह जाएंगे। – **राजीव वर्मा**

अपनों के लिए अर्पित मन आत्मसमर्पण कहलाये जो निहारुं अपलक

अपनों के लिए अर्पित मन आत्मसमर्पण कहलाये जो निहारुं अपलक नयन वह आकर्षण कहलाये धरा की अनुपम छटा अंतर्मन हर्षाये रंग बिरंगे पंछी प्यारे उमंग भरा मन सजाए अरमान की भरने उड़ान मन गगन बन जाएं जो निहारुं अपलक नयन वह आकर्षण कहलाए तितली की अठखेली देखी फूलों पर इतराए हरी - भरी बगिया सजी फूलों-फलों से लद जाए ऐसा ही सफल अपना जीवन सुंदर उपवन बन जाए जो निहारुं अपलक नयन वह आकर्षण कहलाए कल कल करती सतत नदियां मीठी तान बजाएं झरझर झरता साहसी झरना मधुर गान सुनाएं जीवन है अपना झरना उम्मीद नदिया बन जाएं जो निहारूँ अपलक नयन वह आकर्षण कहलाये। – **सुमन ओमनिया**

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1774-भारत में पहला डाक सेवा कार्यालय खोला गया। 1865-पहली भारतीय महिला चिकित्सक आनंदीबाई गोपालराव जोशी का जन्म। 1867-बंबई में प्रार्थना समाज की स्थापना हुई। 1921-भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के झंडे को अंगीकार किया गया। 1938-दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित का जन्म। 1945-लोकसभा की पहली महिला अध्यक्ष मीरा कुमार का जन्म। 1959-बौद्ध धर्मगुरु दलाई लामा को तिब्बत से निर्वासन के बाद भारत में शरण दी गई। 1964-बंबई में इलेक्ट्रिक ट्राम अंतिम बार चली। 1972-हिंदी फिल्म अभिनेत्री मीना कुमारी का निधन। 1983-कोलंबियाई शहर पोपायन में आए विनाशकारी भूकंप में करीब 500 लोगों की मौत। 1986-मेक्सिको में एक विमान दुर्घटना में विमान में सवार सभी 167 यात्रियों की मृत्यु। 1997-भारतीय वैज्ञानिक डॉ. जयंत विष्णु नार्लीकर और चेक वैज्ञानिक डॉ. विज्ञान को लोकप्रिय बनाने में अपने काम के लिए यूनेस्को द्वारा कलिंग पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

QUIZ TIME

1) कौन-सा शासक अमित्रघात (शत्रुओं का नाश करने वाला) नाम से जाना जाता है?
2) राजा चेलैया समिति का संबंध किससे है?
3) जीरो बेस बजटिंग सिद्धान्त का प्रतिपादक किसे माना जाता है?
4) रिसर्जेण्ट इण्डिया बॉण्ड योजना तथा इण्डिया मिलेनियम डिपॉजिट योजना किस बैंक ने प्रारम्भ की थी?
5) एक जानकी अम्मलः जीवन, और वैज्ञानिक योगदान पुस्तक के लेखक का नाम बताइए?



Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) बिन्दुसार (2) कर सुधार (3) पीटर पायर (4) भारतीय स्टेट बैंक (5) निमिशा जैन

(प्रेरक प्रसंग) – पहनावा

एक महिला को सब्जी मंडी जाना था। उसने जूट का बैग लिया और सड़क के किनारे सब्जी मंडी की और चल पड़ी। तभी पीछे से एक ऑटो वाले ने आवाज़ दीः कहाँ जायेंगी माता जी...?'' महिला ने ''नहीं भैय्या'' कहा तो ऑटो वाला आगे निकल गया। अगले दिन महिला अपनी बिटिया कल्पना को स्कूल बस में बैठाकर घर लौट रही थी। तभी पीछे से एक ऑटो वाले ने आवाज़ दीः बहन जी 'इंद्रपुरी' जाना है क्या...? महिला ने मना कर दिया। पास से गुजरते उस ऑटो वाले को देखकर महिला पहचान गई कि ये कल वाला ही ऑटो वाला था। आज महिला को अपनी सहेली के घर जाना था। वह सड़क किनारे खड़ी होकर ऑटो की प्रतीक्षा करने लगी। तभी एक ऑटो आकर रुकाः ''कहाँ जाएंगी मैडम...?'' महिला ने देखा ये वो ही ऑटो वाला है जो कई बार इधर से गुज़रते हुए उससे पूछता रहता है चलने के लिए। महिला बोलीः ''देवांगना चौक है ना हजारीबाग में, वहीं जाना है, चलोगे...?''

ऑटो वाला मुस्कुराते हुए बोलाः ''चलेंगें क्यों नहीं मैडम, आ जाइये...! ऑटो वाले के ये कहते ही महिला ऑटो में बैठ गयी। ऑटो स्टार्ट होते ही महिला ने जिज्ञासावश उस ऑटो वाले से पूछ ही लियाः ''भैय्या एक बात बताइये...? दो-तीन दिन पहले आप मुझे माताजी कहकर चलने के लिए पूछ रहे थे, कल बहन जी और आज मैडम, ऐसा क्यूँ...?'' ऑटो वाला थोड़ा झिझककर शरमाते हुए बोलाः ''जी सच बताऊँ... आप चाहे जो भी समझें पर किसी का भी पहनावा हमारी सोच पर असर डालता है।

आप दो-तीन दिन पहले साड़ी में थीं तो एकाएक मन में आदर के भाव जागे, क्योंकि मेरी माँ हमेशा साड़ी ही पहनती है। इसीलिए मुँह से स्वयं ही माता जी निकल गया। कल आप सलवार-कुर्ते में थीं, जो मेरी बहन भी पहनती है। इसीलिए आपके प्रति स्नेह का भाव मन में जागा और मैंने ''बहन जी'' कहकर आपको आवाज़ दे दी।

वर्ग पहेली

शब्द सामर्थ्य -019

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. चौड़ी और सपाट जमीन, रणभूमि 3. स्वरग्राम, संगीत के सात स्वरों का समूह 6. धूल का कण, किसी वस्तु का सूक्ष्मकण, धूल 7. हिम्मत, सामर्थ्य 8. अभ्यर्थना, रिसेप्शन, यथा अवसर पर पूछे जाने वाला मंगल कुशल 9. आपस का करार, निबटारा 10. वरदान, दुल्हा 12. भोग, ऐश्वर्य 13. कीमत, मूल्य 14. एक वाद्ययंत्र जिसे सपेरे बजाते हैं 16. समता, बराबरी 18. अश्लील, बेहुदा, अभद्र, घटिया 19. युक्ति, उपाय, ढंग 20. रिक्त, अपूर्ण।

ऊपर से नीचे

1. दोस्ती, मित्रता 2. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 4. बचाव, हिफाजत 5. मीठापन, मधुर होने का भाव 7. समुद्र 8. आत्मनिर्भर, जो दूसरे पर आश्रित न हो 9. रसवाला, रसदार 11. मां का बच्चों के प्रति प्रेम 13. खैरात, देने की क्रिया 15. दृष्टि, निगाह 16. वरिष्ठ, बुजुर्ग, चतुर 17. पराजय, हार।

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 018 का हल

न्यूज गैलरी

1290 बच्चों का कराया स्वर्ण प्राशन

रायपुर/नवप्रदेश। रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय रायपुर द्वारा आज 1290 बच्चों को स्वर्ण प्राशन कराया गया। आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय के कौमारभृत्य बाल रोग विभाग में 670 बच्चों को स्वर्ण प्राशन कराया गया। वहीं शहर के तीन स्कूलों शासकीय प्राथमिक शाला कोटा, मठपुरैना और चंगोराभाठा में शिविर आयोजित कर कुल 620 बच्चों को इसका सेवन कराया गया। शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय रायपुर में हर पुष्य नक्षत्र तिथि में शून्य से 16 वर्ष के बच्चों को स्वर्ण प्राशन कराया जाता है। चिकित्सालय के बाल रोग विभाग के डॉक्टरों और अन्य स्टॉफ के साथ आयुर्वेद महाविद्यालय में बाल रोग विभाग में अध्ययनरत पीजी (एमडी) छात्र-छात्राएं भी इसमें सक्रिय भागीदारी करते हैं। इस वर्ष तीन अन्य पुष्य नक्षत्र तिथियों 9 जनवरी को 831, 4 फरवरी को 1124 और 3 मार्च को 1137 बच्चों को स्वर्ण प्राशन कराया गया था। स्वर्ण प्राशन बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने, श्वसन संबंधी एवं अन्य रोगों से रक्षा करने के साथ ही एकाग्रता और स्मरण शक्ति बढ़ाने में अत्यंत लाभकारी है। यह बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास में भी मदद करता है। यह हर महीने की पुष्य नक्षत्र तिथि में शून्य से 16 वर्ष के बच्चों को पिलाई जाने वाली औषधि है।

जय भारत सत्याग्रह आंदोलन 1 से 5 तक

रायपुर/नवप्रदेश। जय भारत सत्याग्रह आंदोलन के तहत 1 अप्रैल से 5 अप्रैल तक कांग्रेस प्रदेश के 146 ब्लाक मुख्यालयों में पत्रकारवार्ता आयोजित कर मोदी सरकार की तानाशाही एवं दमन कारी नीतियों का विरोध करेगी।

आरंग नपा में शामिल होगा ओड़का ग्राम पंचायत

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 5-क में प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य शासन द्वारा नगर पालिका परिषद आरंग, जिला - रायपुर की सीमा में ग्राम पंचायत क्षेत्र ओड़का को शामिल करने हेतु अधिसूचना जारी की गई है। नगर पालिका परिषद आरंग की वर्तमान सीमा ग्राम पंचायत ओड़का की सीमा नगर पालिका परिषद आरंग की सीमा होंगी।उपरोक्त आशय के छत्तीसगढ़ राजपत्र में प्रकाशित होने के दिनांक से 21 दिन के भीतर कोई भी स्थानीय प्राधिकारी अथवा कोई भी व्यक्ति अपनी आपत्ति या सुझाव कलेक्टर रायपुर को उनके कार्यालय में कार्यालयीन दिवस एवं समय पर राज्य शासन के विनिश्चय हेतु प्रस्तुत कर सकते है।

ग्रापं नकटा नपा मंदिर हसौद में होगा शामिल

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 5 सहपठित धारा 5-क में प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य शासन द्वारा नगर पालिका मंदिर हसौद में नगर पंचायत मंदिर हसौद और ग्राम पंचायत नकटा को शामिल करने हेतु अधिसूचना जारी की गई है। ग्राम पंचायत नकटा की सीमा एवं नगर पंचायत मंदिर हसौद की सीमाएं ही नगर पालिका मंदिर हसौद की सीमा होंगी।उपरोक्त आशय के छत्तीसगढ़ राजपत्र में प्रकाशित होने के दिनांक से 15 दिन के भीतर कोई भी स्थानीय प्राधिकारी अथवा कोई भी व्यक्ति अपनी आपत्ति या सुझाव कलेक्टर रायपुर को उनके कार्यालय में कार्यालयीन दिवस एवं समय पर राज्य शासन के विनिश्चय हेतु प्रस्तुत कर सकते है।

रायपुर मोतियाबिंद के बैकलॉग से मुक्त जिला घोषित

रायपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने आज यहां कलेक्टोरेट के रेडक्रास सभाकक्ष में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक लेकर स्वास्थ्य अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।उन्होंने जिले में 15 वें वित्त के तहत जिले में स्वीकृत शहरी हेल्थ एंड वेलनेस सेन्टर की प्रगति की समीक्षा की।निर्माणाधीन स्वास्थ्य केंद्र के भवनों को यथाशीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत विभिन्न पदों पर भर्ती की प्रक्रिया को पूर्ण करने कहा।बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी आकाश छिकारा, सहायक कलेक्टर जयंत नाहटा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मिथिलेश चौधरी सहित अन्य चिक्तिसा अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में उन्होंने मातृ स्वास्थ्य की समीक्षा करते हुए चिरायु टीम को गंभीर बीमारी से ग्रसित बच्चो का पूर्ण इलाज करने के निर्देश दिए।इसी तरह श्रवण बाधित,दृष्टि बाधित और हृदय रोग से पीड़ित बच्चो का निरीक्षण और परीक्षण तथा समुचित इलाज का प्रबंधन शिक्षा विभाग,महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण समन्वय बना कर करें।उन्होंने संस्थागत प्रसव में प्रगति लाने के निर्देश भी दिये। उन्होंने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रो में डिलीवरी प्वाइंट बढ़ाने को कहा।स्वास्थ्य केन्द्रो में कम प्रसव पर नाराजगी व्यक्त करते हुए आगामी माह में सुधार करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने सभी खण्ड चिकित्सा अधिकारी को इस संबंध में स्वास्थ्य केन्द्रो की संस्थावार समीक्षा कर प्रगति लाने को कहा। समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने आर.बी.एस.के. कार्यक्रम के तहत टीम को कार्य योजना के अनुरूप ही स्कूल का भ्रमण करने एवं स्क्रीन किये गये बच्चों का शत् प्रतिशत पोर्टल में एन्ट्री अपडेट करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्क्रीनिंग के दौरान ऐसे बच्चें जिनकी दृष्टि कमजोर है, उन्हें अनिवार्य रूप से चश्मा उपलब्ध कराने की बात कही।इसी तरह प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत मेडिकल कॉलेज, जिला चिकित्सालय, सिविल अस्पताल, सभी सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रो में आयोजित किया जा रहा है। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान में आने वाले सभी महिलाओं को सोनोग्राफी का लाभ मिले जिनका अभी तक एक भी सोनोग्राफी नही किया गया है।गर्भवती महिलाओं को 16 सप्ताह के भीतर कम से कम एक बार सोनोग्राफी करने के निर्देश दिए।रायपुर को राज्य में मोतियाबिंद के कारण अंधेपन के बैकलॉग से मुक्त जिला घोषित किया गया है।इसके लिए केंद्र को रायपुर जिला को मोतियाबिंद बैकलॉग मुक्त जिला घोषित करने प्रस्ताव भेजा गया है।

गोवा में मनीषी सिंह ने सिल्वर मैडल जीता

रायपुर/नवप्रदेश। गोवा में 19 मार्च से 26 मार्च 2023 तक आयोजित योनेक्स सनराईज 45वीं भारतीय मास्टर्स राष्ट्रीय बेडमिंटन प्रतियोगिता 2022-23 में मनीषी सिंह ने सिल्वर मेडल हासिल कर प्रतियोगिता में शानदार खेल का प्रदर्शन किया। मास्टर्स कैटेगरी में महिला सिंगल्स में मनीषी सिंह का पहला मैच कर्नाटक की निलयगंधनी से हुआ, जिसमे सीधे सेटों में 21/15, 21/16 से मनीषी ने जीत हासिल की । क्वार्टर फाइनल में तमिलनाडु की खिलाड़ी से खेलते हुए इसमें भी सीधे सेटों में 21/17, 21/18 से जीत हासिल की। उन्होंने सेमीफाइनल में असम की खिलाड़ी युपु बोनी को 21/12 ,21/15 हरा कर फाइनल्स में अपनी जगह पक्की कर ली और फाइनल में राजस्थान की हिमानी पुनिया के बीच फाइनल मुकाबला हुआ। जिसमे मनीषी सिंह को हार का सामना करना पड़ा। मनीषी सिंह का चयन भारतीय टीम में उनके शानदार खेल के प्रदर्शन पर हुआ। मनीषी सिंह अब भारत की ओर से अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में साउथ कोरिया के सिओल में भाग लेंगी। कोच ने बताया कि मनीषी सिंह की कड़ी मेहनत का ही परिणाम है की वो सितम्बर माह में होने वाली अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में इंड़िया टीम की ओर से अपने खेल का प्रदर्शन करेंगी। उनकी उपलब्धि के लिए खेल विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों एवं कोच ने उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी है। उनके पूरे घर में खुशी का माहौल है।

सड़क हादसे में दुल्हन की मां, बड़ी-मां समेत 3 की मौत

■ बेटी की शादी कर लौट रहा था परिवार, 20 से ज्यादा घायल

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। बलौदाबाजार जिले के कसडोल थाना क्षेत्र में हुए सड़क हादसे में 3 महिलाओं की मौत हो गई, वहीं 20 से ज्यादा लोग घायल हैं। शादी समारोह से लौटते वक्त अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर पलट गया। हादसे में मौके पर ही 2 महिलाओं की मौत हो गई, वहीं एक महिला ने इलाज के दौरान दम तोड़ा। फिलहाल पुलिस जांच में जुटी हुई है।

टीआई प्रभारी केसी दास ने बताया कि ग्राम खैंदा निवासी सीमा मानिकपुरी और ग्राम ठाकुर दिया निवासी लखन लाल मानिकपुरी की शादी बुधवार को थी। दूल्हा-दुल्हन के परिजन और रिश्तेदार धार्मिक स्थल तुरतुरिया शादी के लिए गए हुए थे। यहां दोनों की शादी मंदिर में होनी थी। मायके वाले ट्रैक्टर क्रमांक सीजी-22-जे-5832 में सवार होकर तुरतुरिया गए हुए थे। शादी के बाद लड़के पक्ष के लोग दुल्हन की विदाई कराकर ग्राम ठाकुर दिया चले गए।

वहीं मायके पक्ष के लोग अपने घर बुधवार देर रात को ग्राम खैंदा लौट रहे थे, तभी ठाकुर दिया और तुरतुरिया के बीच घाटी में ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसा रात 10-11 बजे के करीब हुआ। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। लोगों ने तुरंत कसडोल थाना पुलिस को सूचना दी। हादसे में 2 महिलाओं ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। वहीं 20 से ज्यादा लोग घायल हो गए।

मृत महिलाओं में दुल्हन की मां राधा बाई मानिकपुरी (50 वर्ष) और बड़ी मां कुमारी बाई मानिकपुरी (53 वर्ष) शामिल है। इधर मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को 108 एंबुलेंस और निजी वाहनों के जरिए कसडोल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। थाना प्रभारी ने बताया कि ट्रैक्टर में दोनों परिवारों के करीब 25 लोग सवार थे। दुल्हन की मां और बड़ी मां की मौत हुई है। वहीं गंभीर रूप से घायल एक महिला को जिला अस्पताल बलौदाबाजार रेफर किया गया था, लेकिन इलाज के दौरान उसकी भी मौत हो गई है। तीनों मृत महिलाओं के शव का पोस्टमॉर्टम गुरुवार को करवाकर परिजनों को सौंप दिया गया है।

डॉक्टरों ने बताया कि करीब 22 लोगों को कसडोल अस्पताल लाया गया था। इनमें से गंभीर रूप से घायल 5 लोगों को जिला अस्पताल बलौदाबाजार रेफर किया गया था, इनमें एक महिला की मौत हो गई है।

सीएम भूपेश ने पत्नी संग कन्याओं को भोजन कराकर लिया आशीर्वाद

रायपुर/नवप्रदेश। गुरूवार को पूरे देश-प्रदेश में रामनवमी धूमधाम से मनाई गई। इसी क्रम में छत्तीसगढ़ के मुखिया भूपेश बघेल ने सीएम हाउस में रामनवमी का पर्व मनाया। इस दौरान अपने निवास में कन्या पूजन कर बालिकाओं को भोजन कराया। इस मौके पर बड़ी संख्या में कन्याएं मुख्यमंत्री निवास पहुंची। अपनी पत्नी मुक्तेश्वरी बघेल के साथ सीएम भूपेश बघेल ने शक्ति स्वरूपा कन्याओं को लाल चुनरी ओढ़ाकर और तिलक लगाकर पूजा-अर्चना किया। उन्हें भोजन कराकर उनका आशीर्वाद लिया। इसके पूर्व सीएम ने लगातार चार ट्वीट कर लिखा कि शक्ति स्वरूपा देवी मां का पूजन और कन्या भोज। सब उन्हीं की कृपा है। वहीं उन्होंने ट्वीट कर लिखा कि 'छत्तीसगढ़ सौभाग्यशाली है। छत्तीसगढ़ भगवान श्रीराम का ननिहाल रहा है और उन्होंने अपने वनवास का अधिकांश समय यहां बिताया। यहां के कण-कण में मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्रीराम बसे हैं। वनवास काल के दौरान प्रभु श्रीराम छत्तीसगढ़ में जिस मार्ग से गुजरे थे, उसे राज्य सरकार 'राम वन गमन पर्यटन परिपथ' के रूप में विकसित कर रही है। इससे प्रभु राम की महिमा, छत्तीसगढ़ के वैभवशाली अतीत और धार्मिक महत्व से देश-दुनिया परिचित हो सकेगी।

मंत्री अकबर ने विभिन्न निर्माण कार्यों का किया भूमिपूजन

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश के वन, परिवहन, आवास, पर्यावरण, विधि विधायी तथा जलवायु परिवर्तन मंत्री व कवर्धा विधायक मोहम्मद अकबर बोड़ला विकासखंड के ग्राम कुसुमघटा में जन आकांक्षाओं को पूरा करते हुए जन सुविधा के लिए विकास कार्यों की सौगात दी। मंत्री अकबर ने आंगनबाड़ी भवन, मेन रोड से महामाया मंदिर तक टू वॉल, अहिर समाज सामुदायिक भवन, हाई स्कूल सांस्कृतिक मंच और नयापारा सांस्कृतिक मंच का भूमिपूजन किया। मंत्री अकबर ने सभी को बधाई और शुभकामनाएं दी।

वन मंत्री अकबर ने ग्राम कुसुमघटा में विकास कार्यो की भूमिपूजन में कहा कि क्षेत्र का समुचित विकास और जन सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए उनकी मांगों तथा समस्याओं का ठोस समाधान करना हमारी पहली प्राथमिकता में भी शामिल है। जनहित और लोगों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए कार्य किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि शासन बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण और शिक्षा के लिए लगातार कार्य कर रही है। इसके लिए विभिन्न योजनाओं के माध्यम से लाभ पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी भवन निर्माण से गांव के छोटे-छोटे बच्चे जिनका माता-पिता के बाद स्कूल ही दूसरा घर है उन्हें यहां अच्छी शिक्षा मिलेगी। आंगनबाड़ी भवन में छोटे-छोटे नन्हे बाल गोपाल अपने शैक्षणिक जीवन की शुरुआत कर पाएंगे व आंगनबाड़ी भवन का निश्चित ही ग्रामीणों को लाभ मिलेगा। गर्भवती महिलाओं को भी काफी लाभ मिलेगा। साथ ही महिला एवं बाल विकास विभाग की परियोजना से संचालित सभी सेवाएं आंगनबाड़ी केन्द्र के माध्यम से मिलेगी।

वन मंत्री अकबर पंच कुण्डीय सत चंडी महायज्ञ में शामिल हुए

■ मंत्री अकबर ने गांव के विकास के लिए 10 लाख की घोषणा की

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश के वन, परिवहन, आवास एवं पर्यावरण मंत्री तथा कवर्धा विधायक मोहम्मद अकबर बोड़ला विकासखंड के ग्राम गंडईखुर्द में आयोजित पंच कुण्डीय सत चंडी महायज्ञ में शामिल हुए। मंत्री अकबर ने पंच कुण्डीय सत चंडी महायज्ञ में पूजा अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली की कामना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने यज्ञ कुंड का परिक्रमा कर नारियल अर्पित किए। इस दौरान मंत्री अकबर ने गांव के विकास के लिए 10 लाख रुपए की घोषणा की। इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष बोड़ला अमिता प्रभाती मरकाम,नीलू चंद्रवंशी, सनत जायसवाल, जिला कृषि उपज मंडी के अध्यक्ष नीलकंठ साहू, उपाध्यक्ष चोवाराम साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधियो ने भी पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया।

राजमार्गों में दुर्घटना रोकने ब्लैक स्पॉट्स के सुधार कार्यों में लाएं तेजी : एस प्रकाश

रायपुर/नवप्रदेश। राजमार्गों में ब्लैक स्पॉट्स के सुधार कार्यों, राजमार्गों में लगे कैमरे और टोल प्लाजा के डेटा के इंटीग्रेशन कार्य की प्रगति की समीक्षा परिवहन विभाग के सचिव एस. प्रकाश की अध्यक्षता में आज मंत्रालय महानदी भवन में आयोजित बैठक में की गई। बैठक में राजमार्गो में घायलों के त्वरित उपचार हेतु एम्बुलेंस सेवा 108 तथा 1033 के यथाशीघ्र इंटीग्रेशन, ब्लैक स्पॉट्स के प्रभावी सुधारात्मक उपायों में शीघ्रता तथा राजमार्गो में लगे कैमरे तथा टोल प्लाजा के डेटा को इंटीग्रेट कर चालानी कार्यवाही सुनिश्चित करने का निर्णय लिया गया।

बैठक में लीड एजेंसी (सड़क सुरक्षा) के अध्यक्ष संजय शर्मा, संयुक्त परिवहन आयुक्त वेदव्रत सिरमौर, प्रबंधक एनएचएआई प्रखर अग्रवाल, उप संचालक स्वास्थ्य डॉ. डीके तुर्रे, डॉ. जीजे राव, एनआईसी के वरिष्ठ संचालक वाई.वी.एस. राव, पीडब्ल्यूडी के मुख्य अभियंता राजकुमार रात्रे, आरटीओ रायपुर शैलाभ साहू सहित परिवहन, पुलिस, पीडब्ल्यूडी, एम्बुलेंस सेवा 108, 1033 के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

मंत्री भेंड़िया ने मिलेट केक काटकर किया कैफे का शुभारंभ

महिला स्वरोजगार और सुपोषण को बढ़ावा देने प्रदेश में एक और मिलेट कैफे का संचालन शुरू

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में महिला स्वरोजगार, उद्यमिता सहित सुपोषण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा मिलेट्स कैफे की शुरुआत की जा रही है। इसी कड़ी में बालोद जिला मुख्यालय में महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री श्रीमती अनिला भेंड़िया ने सोमवार को मिलेट केक काटकर मिलेट कैफे का शुभारंभ किया। उन्होंने मिलेट कैफे का संचालन कर रहीं महाकाल स्वसहायता समूह की महिलाओं को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर श्रीमती भेंड़िया सहित लोगों ने समूह की महिलाओं द्वारा कोदो, कुटकी एवं रागी से बनाए गए विभिन्न व्यंजनों व केक का स्वाद लिया और व्यंजनों के गुणवत्ता की प्रशंसा की। इस अवसर पर विधायक श्रीमती संगीता सिन्हा, नगर पालिका परिषद बालोद के अध्यक्ष श्री विकास चोपड़ा, कलेक्टर श्री कुलदीप शर्मा भी उपस्थित थे।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने मिलेट्स को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विधानसभा में सभी विधायकों को मिलेट्स से बने व्यंजन का भोज दिया था। छत्तीसगढ़ राज्य देश का पहला ऐसा राज्य है जो समर्थन मूल्य पर मिलेट्स की खरीदी कर रहा है। मिलेट्स के उत्पादन को मिल रहे प्रोत्साहन से किसानों का भी उत्साह बढ़ा है। श्री बघेल की पहल पर मिलेट्स के उपभोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रदेश में मिलेट कैफे का संचालन भी शुरू किया गया है। इन मिलेट्स कैफे को संचालन के लिए महिला समूहों को दिया जा रहा है।

रायगढ़ जिले में जिला प्रशासन के सहयोग से मई 2022 में प्रदेश के पहले मिलेट्स कैफे की शुरूआत की गयी। इसका संचालन महिला समूह द्वारा किया जा रहा है। इसे खुलने के महज कुछ महीनों में ही यहां की मासिक आमदनी 3 लाख रूपये को पार कर गयी है। रायगढ़ के बाद कोरबा जिले में मिलेट्स कैफे का शुभारंभ किया गया। इसी कड़ी में बालोद में अब जिले के पहले मिलेट्स कैफे की शुरुआत की गई है। इस कैफे में पौष्टिकता से भरपूर मिलेट्स के व्यंजनों का स्वाद लोग ले सकेंगे। इस कैफे में कोदो, कुटकी, रागी तथा अन्य लघु धान्य फसलों से निर्मित विविध व्यंजन- इडली, दोसा, पोहा, उपमा, भजिया, खीर, हलवा, माल्ट, कुकीज आदि आम जनता के लिए उपलब्ध रहेंगे।

राम राज की ओर बढ़ रहा है भारत : बृजमोहन

■ श्रीराम जन्मोत्सव में शामिल हुए बृजमोहन

रायपुर/नवप्रदेश। सिद्धेश्वरनाथ हनुमान मंदिर टिकरापारा में आयोजित श्री राम जन्मोत्सव कार्यक्रम में रायपुर दक्षिण विधायक एवं पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल शामिल हुए. इस अवसर पर उन्होंने प्रभु राम और श्री हनुमान जी की पूजा अर्चना की. पश्चात उन्होंने भंडारे में श्रद्धालुओं को प्रसाद का वितरण किया।

इस अवसर पर अपने संक्षिप्त संबोधन में बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि प्रभु राम का संपूर्ण जीवन हम सभी के लिए एक आदर्श हैं. उनके पद चिन्हों पर चलकर ही जीवन की सार्थकता को सिद्ध कर सकते है. आज हम सौभाग्यशाली हैं कि प्रभु राम की जन्म स्थली अयोध्या में उनका भव्य मंदिर बनने के साक्षी है. सनातनियों के सैकड़ों वर्षो के संघर्ष और बलिदान के बाद आज यह स्थिति बन पाई है। उन्होंने कहा कि भारत रामराज की तरफ बढ़ गया है. प्रभु राम की कृपा देश पर बनी रहे और संपूर्ण भारतवासी खुशहाल हो आज राम नवमी के अवसर पर यही प्रार्थना प्रभु से हम करते हैं।

यह आयोजन अयोध्यावासी वैश्य समाज द्वारा रखा गया था. इस अवसर पर समाज के प्रदेश अध्यक्ष मनीष गुप्ता, नगर अध्यक्ष सोमनाथ गुप्ता, नरेश गुप्ता, अभय गुप्ता, वीरेंद्र गुप्ता, चंदन गुप्ता, पार्षद चंद्रपाल धनगर आशीष धनगर आदि उपस्थित थे।

रामनवमी पर विधायक एवं पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने बैरन बाजार स्थित श्रीराम मंदिर तथा जैतू साव मठ में विराजित प्रभु राम दरबार का दर्शन कर पूजन किया।

नकली मच्छर अगरबत्ती व नायसिल पॉउडर बेचते दो गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। गोलबाजार थाना पुलिस ने नकली मच्छर अगरबत्ती के साथ दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है।आरोपितों के खिलाफकापी राइट एक्ट के तहत अपराध कायम कर गिरफ्तार किया गया। उल्लेखनीय है कि मच्छर भगाने की डीसी कम्फोर्ट, जस्ट रिलेक्स, स्लीपवेल जैसी ब्रांडेड कंपनियों की अगरबत्ती जलाने के बाद भी मच्छर नहीं भागते हैं और उसी तरह खुजली और घमौरियां मिटाने वाली नायसिल पाउडर लगाने के बाद भी खुजली क्यों नहीं जाती।

मुख्यमंत्री मितान योजना प्रदेशवासियों के लिए साबित हो रहा वरदान, बिना दफ्तरों के चक्कर काटे मिल रहा शासकीय दस्तावेज

प्रदेश के 67 हजार लोगों के घर मितानों ने पहुंचाया शासकीय दस्तावेज

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री मितान योजना के जरिए बड़ी राहत मिल रही है। शासकीय काम-काज के लिए जरूरी दस्तावेज जैसे जन्म, मृत्यु, मूल निवासी, विवाह आदि प्रमाण पत्र अब लोगों को इस योजना के जरिए आसानी से और घर बैठे ही मिल रहे हैं। मितान ने 67 हजार से अधिक लोगों के घर दस्तावेज लेकर पहुंचा चुके हैं। इन प्रमाण पत्रों के लिए लोगों को केवल टोल फ्री नम्बर 14545 अप्वाइंटमेंट बुक कराना होता है। अप्वाइंटमेंट बुक करने के बाद आवेदक को बुकिंग की जानकारी के साथ एक एसएमएस प्राप्त होता है। इसके बाद तय समय और तारीख को मितान आवेदक के घर पहुंचकर जरूरी दस्तावेज प्राप्त करते हैं। मितान घर पहुंचकर टैबलेट के माध्यम से दस्तावेजों को सत्यापित कर पोर्टल पर अपलोड करते हैं। इसके बाद सत्यापित दस्तावेजों को संबंधित विभागों को ऑनलाइन भेजे जाते हैं जो आवेदक से संबंधित दस्तावेज की समीक्षा के बाद प्रमाण पत्र जारी करते हैं। प्रमाण पत्र जारी होने के बाद मितान एजेंट द्वारा प्रमाण पत्र आवेदक के घर पहुंचा दिया जाता है।

मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की पहल पर नगरीय प्रशासन विकास विभाग द्वारा 01 मई 2022 से प्रदेश के समस्त 14 नगर निगमों में शुरू की गई मुख्यमंत्री मितान योजना में अब तक लगभग 77 हजार लोगों ने शासकीय दस्तावेज घर पर प्राप्त करने के लिए अप्वाइंटमेंट बुक कराया है, वहीं दूसरी तरफ 67 हजार से अधिक नागरिकों ने घर बैठें ही अपने जरूरी शासकीय दस्तावेज प्राप्त किए हैं। इस योजना में लगभग 01 लाख 50 हजार से अधिक नागरिकों ने मितान योजना के टोल फ्री नम्बर 14545 पर सम्पर्क कर शासकीय दस्तावेजों को प्राप्त करने के संबंध में जानकारी हासिल की है।

मितान योजना में जन्म प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र में सुधार, मृत्यु प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र में सुधार, मूल निवासी प्रमाण पत्र, विवाह पंजीकरण और प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, अन्य पिछड़ा वर्ग प्रमाण पत्र, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति प्रमाण पत्र, दुकान और स्थापना पंजीकरण संबंधी दस्तावेज, भूमि की रिकार्ड की नकल, भूमि सूचना (भूमि उपयोग), आधार कार्ड पंजीकरण, (5 वर्ष तक के बच्चों का) आधार कार्ड में पता एवं मोबाइल नंबर में सुधार, पैन नम्बर प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र, पैन अपडेट एवं डुप्लीकेट सहित अन्य सेवाएं प्रदान की जा रही है। आगामी दिनों में मितान योजना के माध्यम से नागरिकों को और अधिक सेवाएं प्रदान की जाएंगी। जिससे घर बैठे ही नागरिक अपने आवश्यकता के शासकीय दस्तावेज घर बैठे ही प्राप्त कर सकेंगे।

न्यूज गैलरी

16 को होगा राम मंदिर का भूमिपूजन

नवागढ़/नवप्रदेश। संसदीय सचिव व नवागढ़ विधायक गुरदयाल सिंह बंजारे के घोषणा अनुरूप नवागढ़ में बनने वाले सिया राम दरबार राम मंदिर निर्माण का भूमि पूजन आगामी 16 अप्रैल को दोपहर 01 बजे मुरता रोड चाँदाबंद तालाब शक्ति मंदिर के पास होना है। जिसके पहले भूमि पूजन की तैयारियों को लेकर गुरुवार को संसदीय सचिव गुरदयाल बंजारे एवं मंदिर निर्माण समिति के सदस्यगण निर्माण स्थल का जायजा लेने पहुंचे। जहां विधायक ने उपस्थित समिति सदस्यों को भूमिपूजन के दौरान व्यवस्था सम्बंधित आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

विधायक बंजारे ने बताया कि भगवान रामचंद्र एवं नवागढ़ की जनता के आशीर्वाद से नवागढ़ में अयोध्या धाम के स्वरूप भव्य सिया राम दरबार श्री राम मंदिर का निर्माण किया गया है। जिसके भूमि पूजन के कार्यक्रम में पूरे विधानसभावासी आमंत्रित है। इस अवसर पर एल्डरमैन अमित जैन आरिफभाटिया नैना कुर्रे द्वारिका सोनवानी सहित अन्य उपस्थित रहे।

शोभा यात्रा का फूल बरसा कर स्वागत

भाटापारा/नवप्रदेश। राम नवमी के अवसर पर आज विशाल राम शोभा यात्रा का ज़ोरदार स्वागत मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा,पिछड़ा वर्ग प्रदेश उपाध्यक्ष इंद्र साव,पूर्व जनपद अध्यक्ष अमित शर्मा ,वरिष्ट कांग्रेसी ईस्वर सिंह ठाकुर,ज़िला महामंत्री अरुण यादव,ज़िला सचिव सचिन शर्मा,किसान नेता हेमंत उपाध्याय,लालू वेसनव,मोहन साहू ने छत्तीसगढ़ महतारी चौक पर राम भक्तों का ज़ोरदार स्वागत बाजे गाजे,पुस्पवर्षा और आतिशबाज़ी कर ऐतिहासिक स्वागत किया,राम भक्तों को पोहा जलेबी,ठंडा पेय,पानी वितरण किया गया,इस अवसर पर मंडी अध्यक्ष ने प्रतिनिधि को बताया की राम नाम से बड़ा कोई नाम नही है हम सभी सनातनी हिंदू के लिये भगवान राम गौरव नाम है हम गर्व से कहते है की हम हिंदू है,सभी राम भक्तों ने इस जुलूस के माध्यम से अपनी एकता और भाई चारा की भावना को प्रदर्शित किया जुलूस में हज़ारों की संख्या में राम भक्त शामिल थे।

परिवहन मंत्री अकबर ने महामाया और काली मंदिर में की पूजा-अर्चना

कवर्धा/नवप्रदेश। प्रदेश के वन, परिवहन, आवास, पर्यावरण, विधि विधायी तथा जलवायु परिवर्तन मंत्री व कवर्धा विधायक मोहम्मद अकबर ने चैत्र नवरात्रि के सप्तमी में कवर्धा के महामाया और काली मंदिर में देवी मां की पूजा-अर्चना की। मंत्री श्री अकबर ने प्रदेश की सुख, शांति एवं खुशहाली के लिए प्रार्थना की। उन्होंने माता काली और महामाया में श्रीफल, माता की चुनरी और पूजन सामग्री चढ़ाई और विधि-विधान पूर्वक मंत्रोच्चार के साथ पूजा आरती की। केबिनेट मंत्री श्री अकबर ने ज्योति कक्ष में पहुंचकर ज्योति कलश के दर्शन किए। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि शर्मा, कलीम खान, जिला कृषि उपज मंडी के अध्यक्ष नीलकंठ साहू, उपाध्यक्ष चोवाराम साहू, पार्षदअशोक सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधियो ने भी पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया।

युवा ब्राह्मण समाज ने कराया विशाल कन्यापूजन सह भोज

■ शहर में एक साथ 151 से अधिक कन्याओं को कराया भोज

कवर्धा/नवप्रदेश। गुरुवार को शहर में एक साथ 151 से अधिक कन्याओ को भोजन कराया गया। इस दौरान उनकी पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद इन बच्चों को पढ़ाई के लिए प्रेरित करने निःशुल्क शिक्षण सामग्री का वितरण किया गया। यह आयोजन हर साल की तरह इस वर्ष भी जिला युवा ब्राह्मण समाज के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम में सैकड़ो की संख्या में समाज के लोगों ने हिस्सा लिया। स्थानीय वीर सावरकर भवन में आयोजित इस कार्यक्रम में 151 से अधिक कन्याओं का पूजन महाभोग एवं महाआरती की गई। खासबात यह है कि समाज ने सभी समाज के बेटियों को कन्याभोज में बुलाया। इस दौरान समाज के श्रेष्ठ लोगों ने बेटियों की पूजा अर्चना कर आर्शीवाद लिया। कार्यक्रम में राजनांदगांव लोकसभा सांसद संतोष पाण्डेय, नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि शर्मा, गणेश तिवारी, आनंद मिश्रा ने इस सफल आयोजन के लिए टीम को बधाई दी। खास बात यह है कि कार्यक्रम में सभी वर्ग व सभी समाज की कन्याओं को सम्मिलित कर सर्वप्रथम चरण धोकर माहुर लगाया गया। समाज के वरिष्ठजनों के द्वारा मां दुर्गा की महाआरती पश्चात सभी कन्याओं का पूजन एवं भोज कराया गया। इसके बाद कन्याओं को पुस्तक, पेन, ड्राइंग बुक, स्केच पेन, पानी बोतल सहित अन्य शिक्षण सामग्री का वितरण किया गया। इस आयोजन को लेकर समाज के सभी लोगों को विशेष सहयोग मिला है।

दोपहर तक चलता रहा आयोजन

इस कार्यक्रम के आयोजन को लेकर जिला युवा ब्राह्मण समाज के सदस्य बीते 10 दिन से तैयारी में लगे थे। आयोजन के लिए विशेष तैयारी की गई थी। वहीं कार्यक्रम की शुरूआत दोपहर 11 बजे से हुई है, जो कि दोपहर 3 बजे तक चलता रहा। इस दौरान समाज के लोगों ने सभी कन्याओं का पूजा-अर्चना भी किया। मौके पर युवाओं की टीम ने बेहतर काम किया है। साथ ही कार्यक्रम के समापन बाद सभी लोगों ने अपने वरिष्ठ लोगों के सहयोग पर आभार व्यक्त किया है।

युवा ब्राम्हण समाज द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम को लेकर सभी समाज के लोगों ने हर्ष व्यक्त किया है। क्योंकि जिले में दूसरी बार ऐसा आयोजन किया गया, जिसमें सभी समाज के लोगों ने हिस्सा लिया है। इस कार्यक्रम के दौरान कन्याओं को मीठा, हलवा समेत अन्य खाने का सामान दिया गया। मौके पर ही बैठाकर बेटियों को युवा ब्राम्हण समाज के लोगों ने खाना परोसा। साथ ही खाना खाने के बाद उनका हाथ धुलाया। इस पहल को देखते हुए कन्याभोज में शामिल बेटियों ने हर्ष व्यक्त किया है।

सांसद संतोष पाण्डेय ने कार्यक्रम को सराहा

जिला युवा ब्राम्हण समाज के सदस्यों ने इस तरह का अच्छा आयोजन किया है। ऐसे कार्यक्रम से समाज के लोगों के मध्य एकजूटता आती है। मै जिला युवा ब्राम्हण समाज के इस कार्यक्रम के लिए बधाई व शुभकामनाएं देता हूं। आगे से इस तरह के आयोजन होते रहना चाहिए।

समाज सेवा के क्षेत्र में बढ़ रहा जिला युवा ब्राह्मण समाज

कवर्धा शहर में समाज के सेवा के क्षेत्र के अब जिला युवा ब्राह्मण समाज के सदस्य आगे आ रहे है। बीते कुछ वर्ष में इस युवा विंग के द्वारा कई आयोजन भी कराए गए है। इस वर्ष सभी वर्ग के कन्याओं को इस भोज में शामिल किया गया था। हांलाकि बीते वर्ष भी इसी तरह का भी आयोजन किया जा चुका है। इसके अलावा जिला युवा ब्राह्मण समाज ने पूर्व में सामाजिक गतिविधि को लेकर कई काम किए है। इनके काम की हमेशा तारीफहोती है।

शहर के मंदिरों में रही भारी भीड़

इधर नवरात्र को लेकर शहर के सभी देवी मंदिरों में भीड़ रहीं। मंदिर देवी भक्ति गीतों से गुलजार रहे। घरों व मंदिरों में कन्या भोज आयोजित किए गए। वहीं मंदिरों के बाहर सुरक्षा में जवान तैनात रहे। भोर तीन बजे से ही देवी मंदिरों की घंटियां बजने लगीं। देवी भक्त जल चढ़ाने के लिए लाइन लगे रहे। व्रत रहने वाले भक्तों ने शाम को मंदिरों में पूजन किया। चैत्र नवरात्र में मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की जाती है।

> सभी वर्ग के बच्चों को कन्या भोज कराया गया है। ये अपनी आप में अच्छी बात है। कवर्धा शहर पूरे प्रदेश में धर्मनगरी के नाम से इन्ही कारणों से जाना जाता है। जिला युवा ब्राह्मण समाज के सदस्यों ने इस तरत का आयोजन कर धर्मनगरी कवर्धा के नाम को एक बार और रौशन कर दिया।
>
> **ऋषि शर्मा**, अध्यक्ष, नगर पालिका, कवर्धा

> हर साल हम इस तरह के आयोजन करते जाएंगे। जिला युवा ब्राह्मण समाज के युवाओं का ही सहयोग है कि हम इस तरह के आयोजन कर पाते है। हमारी युवाओं की टीम अच्छी है। इसके अलावा हमारे समाज के वरिष्ठजनों का भी भरपूर सहयोग मिल रहा है।
>
> **आनंद मिश्रा**, अध्यक्ष, जिला युवा ब्राह्मण समाज

भक्ति, ज्ञान और शक्ति के समुच्चय हैं श्री हनुमान : मुख्यमंत्री

■ हनुमान चालीसा महापाठ कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल गुरूवार शाम राजधानी रायपुर के बलवीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम परिसर में श्री हनुमान महापाठ समिति तथा जीवन प्रबंधन समूह रायपुर द्वारा आयोजित श्री हनुमान चालीसा महापाठ कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने उपस्थित सभी हनुमान भक्तों के साथ हनुमान चालीसा का पाठ किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री बघेल ने पंडित विजयशंकर मेहता द्वारा 'सफलता की दौड़-परिवार मत तोड़' विषय पर व्याख्यान का श्रवण किया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि आज रामनवमी है और आज का दिन बहुत पावन है। उन्होंने कहा कि श्री हनुमान भक्ति, ज्ञान और शक्ति के समुच्चय हैं, उनसे बड़ा कोई योगी, भक्त, ज्ञानी या बलशाली और कोई नहीं हैं। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि हनुमान जी जैसा चरित्र शायद ही किसी वेद, पुराण या ग्रंथ में मिले।

मुख्यमंत्री ने सभी को रामनवमी की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए इस आयोजन के लिए आयोजन समिति को भी बधाई दी। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर हनुमान चालीसा का वाचन कर रहे पंडित विजय शंकर मेहता को विशेष धन्यवाद दिया।

इस अवसर पर सांसद सुनील सोनी, विधायक बृजमोहन अग्रवाल, राज्य गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष महंत रामसुंदर दास, शदाणी दरबार के पीठाधीश्वर महंत श्री युधिष्ठिर लाल, रायपुर नगर निगम के सभापति प्रमोद शर्मा, छत्तीसगढ़ योग आयोग के अध्यक्ष श्री ज्ञानेश शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार हिमांशु द्विवेदी सहित हनुमान महापाठ समिति से विजय अग्रवाल, श्री योगेश अग्रवाल, श्री मुकेश शाह श्री मोहन पवार सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

मूर्ति स्थापना एवं स्वर्ण जयंती समारोह में शामिल हुए मंत्री साहू

■ राम के आदर्शों पर चलेः ताम्रध्वज साहू

महासमुंद/नवप्रदेश। प्रदेश के गृह, लोक निर्माण, धर्मस्व व पर्यटन मंत्री ताम्रध्वज साहू ने आज महासमुंद विकासखंड के ग्राम झालखमरिया में श्री राम जानकी मंदिर समिति के स्वर्ण जयंती कार्यक्रम एवं मूर्ति स्थापना कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने यहां श्री राम जानकी मंदिर में पूजा अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर संसदीय सचिव एवं विधायक महासमुंद विनोद चंद्राकर, नगर पालिका अध्यक्ष राशि महिलांग, रश्मि चंद्राकर, जनपद अध्यक्ष यतेंद्र साहू, सती साहू सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं मंदिर ट्रस्ट समिति के सदस्य एवं पदाधिकारी मौजूद थे।

इस अवसर पर धर्मस्व मंत्री श्री ताम्रध्वज साहू ने कहा कि आज रामनवमी के पावन अवसर पर यह सौभाग्य है कि ग्राम झालखमरिया में राम मंदिर स्थापना के स्वर्ण जयंती कार्यक्रम में शामिल होने का अवसर मिला। उन्होंने यहां श्रीराम वाटिका का लोकार्पण भी किया । मंत्री ताम्रध्वज साहू ने कहा कि भगवान राम हम सब के आदर्श हैं उनके बताए रास्ते पर चलकर सदमार्ग और सद्भाव के कार्य किए जा सकते हैं । उन्होंने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि ग्राम झालखमरिया में स्वर्गीय भावसिंह साहू, रामगुलाम साहू और समिति के पदाधिकारियों द्वारा मंदिर की स्थापना करना अपने आप मे ऐतिहासिक है। आज से 100 वर्ष पहले धर्मार्थ के जरिए सेवा संस्कार के कार्य झालखम्हरिया में किए जा रहे हैं। इस अवसर पर संसदीय सचिव एवं स्थानीय विधायक विनोद चंद्राकर ने रामनवमी की शुभकामनाएं और बधाई दी। इस अवसर पर मंदिर ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष श्री सेवक राम साहू संरक्षक डॉ राजेंद्र साहू सदस्यगण ,श्री कुंजलाल साहू,डॉक्टर लखनलाल साहू ,राजेश साहू, दीपक साहू, प्रकाश साहू, ग्रामीण जन एवं धर्म प्रेमी जनता मौजूद थे।

इस तीन दिवसीय समारोह में प्रतिदिन रामायण का आयोजन एवं समापन समारोह में अर्जुंदा के दीपक चंद्राकर कृत लोकरंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

अप्रैल माह से जिले में फोर्टिफाईड चावल का होगा वितरण

■ 2 लाख 73 से ज़्यादा बीपीएल राशन कार्डधारी होंगे लाभान्वित

महासमुन्द/नवप्रदेश। राज्य सरकार द्वारा पीडीएस सिस्टम के तहत बीपीएल राशन कार्डधारी परिवारों को माह अप्रैल से छत्तीसगढ़ सहित महासमुंद जिले में भी संचालित उचित मूल्य की दुकानों के माध्यम से फोर्टिफाईड चावल का वितरण किया जा रहा है। ज़िला खाद्य अधिकारी अजय यादव ने बताया कि महासमुंद जिले में बीपीएल के 2,73,092 राशनकार्ड है। इन राशनकार्ड में कुल 9 लाख 77 हज़ार 553 सदस्य है। ज़िले के 591 शासकीय उचित मुल्य दुकानों के माध्यम से इन बीपीएल राशनकार्डधारियों को फोर्टिफाईड चावल (एफआर.के.) का वितरण कलेक्टर निलेशकुमार क्षीरसागर ने जिले के बीपीएल उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे जिले की उचित मूल्य की दुकानों से वितरित फोर्टिफाईड चावल को उपयोग करें तथा किसी भी प्रकार की भ्रामक जानकारी से दूर रहें। इस चावल में काफी पोषक तत्व होते है, जो एनीमिया और कुपोषण को दूर करने में कारगर है। फोर्टिफाईड चावल वितरण किए जाने का उदेश्य हितग्राहियों को अतिरिक्त पोषणयुक्त चावल उपलब्ध कराना है। फोर्टिफाईड चावल (एफआरके) मे आयन, फोलिक एसिड, विटामिन बी-12 तथा अन्य मिनरल्स शामिल हैं। फोर्टिफाईड चावल के सेवन से लोगों मे कुपोषण दूर होगा साथ ही स्वास्थ्यगत लाभ मिलेगा। फोर्टिफाईड चावल का मतलब चावल में सौ अनुपात एक के तय अनुपात में एफआरके मिलाया जाता है, यानी सामान्य चावल के सौ दाने मे फोर्टिफाईड (एफआरके) का एक दाना मिलाया जाता है।

फोर्टिफाईड का रंग और आकार सामान्य चावल से थोड़ा भिन्न हो सकता है। कई क्षेत्रों मे फोर्टिफाईड चावल के सम्बन्ध में जानकारी के आभाव मे फोर्टिफाईड चावल में मिश्रित (रंग और आकार मे सामान्य चावल से अलग दिखने वाले) को अलग कर लिया जाता है और शेष चावल को उपयोग किया जाता है। ऐसे उपभोक्ताओं से अपील है कि वे भ्रांतियों से बचें और स्वास्थ्य लाभ के लिए इस अतिरिक्त पोषणयुक्त फोर्टिफाईड चावल का सेवन करें।

दिवंगत शिक्षक के परिवार को दिया अनुग्रह राशि

खरोरा/नवप्रदेश। पिछले दिनों रविवार को शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय ईल्दा संकुल केन्द्र ईल्दा में पदस्थ श्री तोरण सिंह ध्रुव का आकस्मिक देहावसान हो गया। दिवंगत शिक्षक का परिवार आर्थिक रूप से पूर्णतः उन पर ही निर्भर था। इस बात को ध्यान में रखते हुए वि. खं. शिक्षाधिकारी श्री बी. एल. देवांगन जी व्यक्तिगत रुचि दिखाते हुए सिर्फ2 दिवस में ही बैंकों और जिला कोषालयों में सत्रांत का समय होने के पश्चात भी दिवंगत शिक्षक के शोकाकुल परिवार को शासन द्वारा प्रदत्त अनुग्रह राशि के रूप में 50 हजार की नगद राशि दिनाँक 29.03.2023 को प्रदान किया गया। उक्त राशि की शोकाकुल परिवार को नितांत आवश्यकता थी।

वि.खं. शिक्षाधिकारी बी. एल. देवांगन जी सहित पूरे कार्यालय के इस तत्परता के लिए शोकाकुल परिवार सहित संकुल केन्द्र ईल्दा के संकुल प्रभारी प्राचार्य, संकुल समन्वयक सहित समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं ने उनके प्रति अनेक अनेक आभार प्रकट किये।

छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग
कार्यालय मुख्य अभियंता
महानदी गोदावरी कछार, रायपुर (छ.ग.)
ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना
eProcurement Portal : https://eproc.cgstate.gov.in
(द्वितीय आमंत्रण)

सिस्टम निविदा क्रमांक 128916 / निविदा सूचना क्रमांक 10/वलेलि/2022-23, कसडोल, दिनांक 27.03.2023 निम्नलिखित कार्यों के लिए दिनांक 13.04.2023 समय 17.30 तक ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है :

कार्य का नाम : बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के विकाराखण्ड बिलाईगढ़ की जोक परियोजना के वितरक शाखा क्र. 01 के आर.टी. मी. से 18500 भी., वितरक शाखा क्र. 04 के आर.डी. 0 भी. से 2640 गी, वितरक शाखा क्र. 10 के आर.डी. 0 मी. से 2520 भी., वितरक शाखा क्र. 11 के आर.डी. 0 मी. से 2040 गी, वितरक शाखा क्र. 12 के विभिन्न रीच में 2760 मी. वितरक शाखा क्र. 14 के विभिन्न रोच में 4890 मी.. वितरक शाखा क्र. 21 के आर.डी. 0 मी. से 3330 मी., वितरक शाखा क्र. 25 के आर.डी. 1050 मी. से 1980 मी. वितरक शाखा क्र. 01 के हसुवा गाईनर के आर.डी. 0 मी. से 2160 मी. एवं वितरक शाखा क्र. 04 के गिधौरी माईनर के आर.डी. मी. से 2400 मी., पुलेनी गाईनर के आर.डी. 0 से 1500 मी. पुलेनी सब माईनर के आर.डी. 0 से 4530 मी. का जीर्णोद्धार एवं सी.सी. लाईनिंग, वितरक शाखा क्र. 25 के विवोली माईनर 1500 मी. अंडरग्राऊड नहर निर्माण एवं 20 नग पक्के संरचना (12 नग व्ही. आर.बी. 03 नग डी.सी. 05 नग एच. आर. 07 नग फॉल, 01 नग फॉल कम/व्ही.आर.बी.) का निर्माण कार्य एवं 159 आऊट लेट का निर्माण कार्य ।

अनुमानित लागत : रूपये 2387.96 लाख
(दिनांक 01.08.2010 के एस.ओ. आर. तथा संशोधित 01.08.2014 के अनुसार)

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 03.04.2023 समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते हैं।

नोट : निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित/ पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

जी-99708/5

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन निर्माण संभाग कसडोल
कृते मुख्य अभियंता महानदी गोदावरी कछार
जल संसाधन विभाग रायपुर (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग 3
मामलेकी श्रेणी-राजस्व
संदर्भ जिला दुर्ग तहसील दुर्ग प.ह.न. 00017 सिकोला ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्र. क्र. आरडी 202223430107400041

ईश्तहार

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00017 के अंतर्गत ग्राम सिकोला के वर्तमान भूमिस्वामी सोहनबाईआ. हीरालाल पिता/पति पता आपापुरा के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 171/28(0.0280) में प्रस्तावित भूमिस्वामी /क्रेता शांतिलाल जैन कुमट पिता/पति हीरालाल जैनकुमट पता-दुर्ग, अभयजैन पिता/पति स्व. ताराचंद जैन पता- दुर्ग, आशाबाई जैन पिता/पति स्व. ताराचंद जैन पता- टाटीबंध रायपुर, रमेश कुमार जैन पिता/पति हीरालाल जैन पता दुर्ग, अजय जैन पिता/पति ताराचंद जैन पता- दुर्ग, सुभाषचंद जैन पिता/पति हीरालाल जैन पता-दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 17/04/2023 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग 3 पर की जायेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपति स्वयं /अधिवक्ता/आममुख्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 23/03/2023 को जारी किया जाता है।

सील

नायब तहसीलदार
दुर्ग 3

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग

उद्घोषणा

पं.नं. 202303100400390/ अ-2/2022-23

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक/ आवेदक तारा साहू आ./पति चुरामन लाल साहू निवासी- धनोरा के द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम धनोरा प.ह.नं. 39 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 782/3 रकबा 0.0180 हे. 2000 वर्गफीट (आवासीय) प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है जिसके सबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा-आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा प्रकाशन से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/ आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 28/03/2023 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

सील

अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग

उद्घोषणा

पं.न. 202303100400688/ अ-2/2022-23

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका सुशांत दुखहरण सिंह आ./पति स्व. दुखहरण सिंह निवासी कैलाश नगर कुरूद के द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम कुरूद प.ह.नं. 50 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 1524/33 रकबा 0.1150 हे. 12400 वर्गफीट (आवासीय) प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है जिसके सबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा-आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा प्रकाशन से 15 दिवस तक स्वंय अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 28/03/2023 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

सील

अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग

उद्घोषणा

प.नं. 202303100400531/ अ-2/2022-23

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका सुनीता सोनी आ./ पति संतोष कुमार निवासी मयुरी हाईट्स बोरसी के द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम - पुरई प.ह.नं. 40 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 932/5 रकबा 0.007 हे. 800 वर्गफीट (आवासीय) प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है जिसके सबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा-आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा प्रकाशन से 07 दिवस तक स्वंय अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 21/03/2023 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की के साथ जारी किया गया।

सील

अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग, जिला दुर्ग

आम सूचना

यह कि मै अधिकृत अधिवक्ता जयराम भागवानी (जिला न्यायालय दुर्ग) आधार हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड स्टेशन रोड़ दुर्ग तह व जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्राप्त अधिकार एवं निर्देशानुसार यह सूचना प्रकाशित करता/ करती हूँ कि मेरे पक्षकार श्रीमती जानकी बाई पुत्री तुलसीराम साहू निवासी तुलसीपुर तह. व जिला राजनांदगावं (छ.ग.) द्वारा दिये गये अधिकार उपरान्त विक्रेता भागीरथी आ. श्री मिलाप कलार निवासी- तुलसीपुर तह. व जिला राजनांदगावं, (छ.ग.) क्रेता श्रीमती जानकी बाई पुत्री तुलसीराम साहू निवासी- तुलसीपुर तह. व जिला राजनांदगावं (छ.ग.) मौजा- मोतीपुर तहसील व जिला दुर्ग के तहत खसरा नं. 343/9 दिनांक 10/07/1984 ग्रन्थ नं. 3376, पृष्ठ नं. 41.42, दस्तावेज नं. 2365, की मूल रजिस्ट्री मे से 20-20 का तीन कुल स्टाम्प 60/- रूपये का स्टाम्प कहीं गुम हो गया है उक्त मूल रजिस्ट्री स्टाम्प का कोई दुरूपयोग ना करे इस हेतु इसकी सूचना संबंधित थाने में दर्ज करायी गई है अतएव आम जनता जो कि उक्त जमीन/मकान के संबंध मे किसी प्रकार का स्वत्वः स्वामित्व रखता हो तो इस सूचना के प्रकाशन के 07 दिनों के भीतर मेरे कार्यालय मे उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा अवधि अवसर पश्चात् किसी प्रकार की दावा आपत्ति शून्य एवं निष्प्रभावी होगा ।
सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रकाशित ।
दिनांक 29/03/2023 स्थान - दुर्ग

जयराम भागवानी
अधिवक्ता
प्लाट नं. पेट्रोल पंप के बाजू
में न्यू आदर्श नगर, दुर्ग
मो.नं.- 93028-38684

कार्यालय नगर पंचायत फिंगेश्वर, जिला गरियाबंद (छ.ग.)
Email ID :- cmofingeshwar@gmail.com Phone No.- 07701-296340

क्रमांक / 845/लो. नि.शा./ न.पं./ 2022-23 — फिंगेश्वर, दिनांक 29/03/2023

मैनुअल निविदा आमंत्रण सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि कार्यालय नगर पंचायत फिंगेश्वर अंतर्गत CGPWD में एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत पंजीकृत संस्था /फर्म/ठेकेदारो/ से विभिन्न कार्य कराये जाने हेतु अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में मैनुअल निविदा फार्म ''बी'' एवं ए.बी.सी. में पंजीकृत डाक/ स्पीड पोस्ट के माध्यम से आमंत्रित की जाती है :-
निविदा हेतु आवश्यक जानकारी निम्नानुसार है :-

1. निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन करने का दिनांक - 11.04.2023 : कार्यालयीन अवधि तक
2. कोरा निविदा प्रपत्र प्राप्त करने का दिनांक - 13.04.2023 : कार्यालयीन अवधि तक
3. निविदा प्रपत्र प्राप्त होने की अंतिम तिथि - 19.04.2023 : कार्यालयीन अवधि तक
4. निविदा प्रपत्र खोले जाने का दिनांक - 20.04.2023 : दोप. 12.00 बजे से।

स. क्र.	कार्य विवरण	स्वीकृत राशि (लाख में)	अमानत राशि (एफ.डी.आर.)	निविदा प्रपत्र मूल्य	समयावधि	ठेकेदार की श्रेणी (एकल प्रणाली अंतर्गत पंजीकृत)
1	बैक हो लोडर डीजल सहित प्रति घंटा किराया दर	5.00	5000.00	750.00	31 मार्च 2024 तक	सक्षम श्रेणी
2	ट्रैक्टर इंजन, ट्राली ड्राईवर एवं डीजल सहित किराया प्रति ट्रिप	5.00	5000.00	750.00	31 मार्च 2024 तक	सक्षम श्रेणी
3	मोटर पम्प 10 एच.पी. एवं 20 एच.पी. डीजल सहित प्रति घंटा किराया	2.00	2000.00	300.00	31 मार्च 2024 तक	सक्षम श्रेणी
4	वाहन एवं टैंकर मरम्मत कार्य	5.00	5000.00	750.00	31 मार्च 2024 तक	सक्षम श्रेणी
5	पेयजल सामग्री	5.00	5000.00	750.00	31 मार्च 2024 तक	सक्षम श्रेणी
6	विद्युत सामग्री	5.00	5000.00	750.00	31 मार्च 2024 तक	सक्षम श्रेणी
7	मोटर पम्प मरम्मत कार्य	5.00	5000.00	750.00	31 मार्च 2024 तक	सक्षम श्रेणी
8	सफाई सामग्री	5.00	5000.00	750.00	31 मार्च 2024 तक	सक्षम श्रेणी
9	स्टेशनरी सामग्री	2.00	2000.00	300.00	31 मार्च 2024 तक	सक्षम श्रेणी
10	कम्प्यूटर, प्रिंटर मरम्मत कार्य	3.00	3000.00	750.00	31 मार्च 2024 तक	सक्षम श्रेणी
11	फ्लैक्स, बैनर, पोस्टर आदि प्रिंटिंग कार्य	3.00	3000.00	750.00	31 मार्च 2024 तक	सक्षम श्रेणी
12	टेंट, कुर्सी, माईक, किराया	5.00	5000.00	750.00	31 मार्च 2024 तक	सक्षम श्रेणी

निविदा संबंधी विस्तृत जानकारी नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग की वेबसाईट www.uad.cg.gov.in से भी डाउनलोड किया जा सकता है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पंचायत फिंगेश्वर

संक्षिप्त खबरें

प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन

दुर्ग/नवप्रदेश। भारती विश्वविघालय दुर्ग के केमेस्ट्री विभाग के तत्वावधान में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता पर्यावरण विषय पर आधारित था। इसमें छात्र-छात्राओ की सक्रिय रूप से भाग लिया। विद्यार्थियों को अलग-अलग समूहों में बांटा गया था। प्रतियोगिता में छात्रों की टीम डिलेश्वर साहू, खिलेश्वर और सोमेस कुमार नागवंशी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। छात्राओ की टीम लीना साहू, दीक्षा पाल और टेरीना यादव ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। छात्रो की टीम ओजस्व कुमार मेश्राम , लोकेन्द्र कुमार और सोमेस कुमार ध्रुव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस कार्यक्रम का संचालन रसासन शास्त्र विभाग की सहायक प्राध्यापिका डॉ. रेणु वर्मा ने किया। इस अवसर पर केमेस्ट्री विभाग के शिक्षकगण और छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

पकड़ाया हत्या का आरोपी

दुर्ग/नवप्रदेश। मोहन नगर थाना क्षेत्र में विपिन रंगारी थाना प्रभारी मोहन नगर दुर्ग के नेतृत्व में रात्रि में गश्त के दौरान एक अनजान आदमी को देख कर संदेह के आधार पर पूछताछ की जा रही थी पूछताछ के दौरान पुलिस को सक हुआ और वह थाना में लाकर पूछताछ की गई साथ ही सोसल मीडिया के सहारे से सभी थानों में इसका रिकॉर्ड पता करवाया गया और कुछ देर बाद पता चला की यह मर्डर का फरार आरोपी है जिसको वहा की पुलिस खोज बीन कर रही है पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपना जुर्म कबूल किया और उसको दौड़ी लोहारा पुलिस को सौंपा गया। मोहन नगर पुलिस अपनी सूझबूझ और दक्ष पुलिसिंग से यह सफलता पायी और मर्डर का फरार आरोपी को रंगे हाथों पकड़ा। वही 10 से 12 दिन पूर्व से आरोपी पुलिस से बचने के लिए छुपा हुआ था । वही पूरे मामले में तत्काल एक्शन में दिखी दुर्ग पुलिस।

विधायक देवेन्द्र जय भारत सत्याग्रह आंदोलन के बने प्रदेश प्रभारी

भिलाई/नवप्रदेश। युवा विधायक देवेंद्र यादव को प्रदेश कांग्रेस संगठन की ओर से महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है। भिलाई नगर विधायक देवेंद्र को जय भारत सत्याग्रह आंदोलन के लिए प्रदेश प्रभारी बनाया गया है। इस संबंध में प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से आदेश जारी हो गया है। जारी आदेश में कहा गया है कि, छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मोहन मरकाम के आदेशानुसार आपको जय भारत सत्याग्रह आंदोलन के तहत 31 मार्च को आयोजित लोकतंत्र बचाओं-मशाल शांति मार्च / रेली हेतु प्रदेश प्रभारी नियुक्त किया जाता है। कृपया, आपसे आग्रह है कि 31 मार्च 2023 को सायं 06:00 बजे प्रदेश के समस्त जिला मुख्यालयों में स्थानीय ऐतिहासिक स्मारक / स्थलों पर लोकतंत्र बचाओ मशाल शांति मार्च / रैली के आयोजन हेतु समस्त मोर्चा संगठन-प्रकोष्ठ विभाग के प्रदेश अध्यक्षों एवं जिला / शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्षों से सम्पर्क एवं समन्वय बनाते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने की दिशा में समुचित कार्यवाही करें। यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा। आपको बता दें कि विधायक देवेंद्र यादव भारत जोड़ों यात्रा में अहम भूमिका निभा चुके हैं। उनकेबेहतर प्रदर्शन को देखते हुए संगठन ने यह महत्वपूर्ण काम दिया है। विधायक देवेंद्र इस जिम्मेदारी केबाद काम पर जुट गए हैं।

राहुल को समाज की चिंता हैं, उन पर ओबीसी विरोधी होने का आरोप बेबुनियाद : ताम्रध्वज

■ **सेक्टर 1 के पंत स्टेडियम में हो रहा है महिला राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप का आयोजन**

दुर्ग/ नवप्रदेश। राहुल गांधी की बढ़ती लोकप्रियता से बौखलाकर भाजपा उन पर पिछड़ा वर्ग विरोधी होने का गलत आरोप लगा रही हैं। राहुल गांधी एक बड़ी राष्ट्रीय दल के नेता हैं। उन्हें देश के सर्व समाज की चिंता हैं, लिहाजा उन पर ओबीसी विरोधी होने का आरोप सिरे से बेबुनियाद हैं। देशभर के सभी बड़े शहरों में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की ओर से कांग्रेस नेता पत्रकारों से मुखातिब हो रहे हैं। इस क्रम में छत्तीसगढ़ के गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने दुर्ग में एक पत्रकारवार्ता में कहा कि अपने 'परम मित्र अडानी को बचाने के लिए पीएम मोदी लोकतंत्र का गला घोंट रहे हैं। राहुल गांधी को निशाना बनाया गया है, क्योंकि उन्होंने मोदी से अडानी के बारे में पूछा। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस लोकतंत्र को बचाने के लिए सब कुछ करेगी। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने संसद में अपने भाषण में अडानी महाघोटाले पर 2 सीधे सवाल पूछे। क्या अडानी की शेल कंपनियों में 20 हजार करोड़ या 3 बिलियन डॉलर हैं? अडानी इस पैसे को खुद कमा नहीं सकता, क्योंकि वो इंफ्रास्ट्रक्चर बिजनेस में है। यह पैसा कहां से आया? किसका काला धन है? ये किसकी कंपनियां हैं? ये कंपनियां डिफेंस फील्ड में काम कर रही है। कोई क्यों नहीं जानता? यह किसका पैसा है? प्रेस कांफ्रेंस में गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने पूछा कि प्रधानमंत्री मोदी का अडानी से क्या रिश्ता है? उन्होंने कहा कि अडानी के घोटाले पर संसद में राहुल गांधी के भाषण के ठीक 9 दिन बाद, उनके खिलाफ मानहानि का मामला फिर से शुरू हो गया।

राज्यसभा में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे के भाषण से अडानी घोटाले के महत्वपूर्ण अंश और राहुल गांधी के भाषण (लगभग पूरी तरह से) को संसद के रिकॉर्ड से हटा दिया गया। क्यों ? गृहमंत्री श्री साहू ने कहा कि संसद के बजट सत्र के चल रहे दूसरे भाग में भारत के इतिहास में पहली बार एक सत्तारूढ़ पार्टी भाजपा संसद को बाधित कर रही है और काम नहीं करने दे रही है। यह अडानी को बचाने के लिए ध्यान भटकाने की साजिश है। जबकि संयुक्त विपक्ष इस पर संयुक्त संसदीय समिति चाहता है। राहुल गांधी पर भाजपा मंत्रियों द्वारा हमला किया गया। लोक सभा अध्यक्ष को राहुल ने दो लिखित अनुरोध किये कि उनको संसद में जवाब देने दें। इसके बाद तीसरी बार अध्यक्ष से मीटिंग भी की पर तीन अनुरोधों के बावजूद अध्यक्ष ने संसद में उन्हें बोलने का अवसर नहीं दिया। इससे साफ़ है कि पीएम मोदी नहीं चाहते कि अडानी के साथ उनके रिश्ते का पर्दाफाश हो। बीजेपी की ध्यान भटकाने की कवायद 3 हास्यास्पद आरोपों से साबित होती है। राहुल गांधी ने कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी में क्या भाषण दिया। उस पर बातें शुरू कर दी। उनका स्पष्टीकरण देने के लिए लोकसभा स्पीकर ने उन्हें समय नहीं दिया। लोकसभा में जब बोलने की कोशिश की, तो सत्तापक्ष की ओर से व्यवधान किया गया।

राहुल की सदस्यता रद्द करने की मांग उठाई गई, लेकिन उसमें दम नहीं था। बाद में भारत जोड़ो यात्रा में महिलाओं की पीड़ा को लेकर राहुल गांधी ने जो भाषण दिया था, उसे लेकर माहौल बनाया गया। प्रेस वार्ता में गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने कहा कि भाजपा अब झूठा खड़ा कर रही कि राहुल गांधी ने ओबीसी को सिर्फ इसलिए निशाना बनाया, क्योंकि उन्होंने पीएम मोदी से एक सवाल किया था। यह ध्यान भटकाने का एक और बोगस हथकंडा है, जो व्यक्ति एकता फैलाने के लिए भारत जोड़ो यात्रा में 4 हजार किलोमीटर पैदल चल सकता है, वो कैसे एक समुदाय को निशाना बनाएगा? श्री साहू ने तीसरा बिंदु उठाते हुए कहा कि सूरत में एक निचली अदालत के फैसले के 24 घंटे के भीतर भाजपा ने गांधी की लोकसभा से सदस्यता रद्द करने बिजली की गति से काम किया, भले ही अदालत ने उन्हें उच्च न्यायालय में अपील करने के लिए 30 दिन का समय दिया था। भाजपा राहुल गांधी से इतना डरती क्यों है ?

श्री साहू ने कहा कि भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा की ओबीसी समुदाय का अपमान करने का आरोप भाजपा का घटिया हताशा साबित करता है। राहुल गांधी पूछ रहे थे कि कुछ चोरों का एक ही उपनाम (नीरव मोदी ललित मोदी और नरेंद्र मोदी) क्यों है, उन्होंने ऐसा नहीं कहा है कि सारे मोदी चोर हैं।

केंद्रीय यांत्रिक संगठन ने संयंत्र के कर्मियों को किया सम्मानित

भिलाई/ नवप्रदेश। इस्पात संयंत्र में सुरक्षा संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए मुख्य महाप्रबंधक (मैकेनिकल) श्री संजय कुमार गजभिये के नेतृत्व में केंद्रीय यांत्रिक संगठन द्वारा एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया था। पुरस्कार समारोह 29 मार्च 2023 को एम एंड यू कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित किया गया था।

इस कार्यक्रम में केंद्रीय यांत्रिक विभाग के ठेका श्रमिकों को सुरक्षा और कार्य संस्कृति में उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। कामगारों को भिलाई इस्पात संयंत्र के सेफ्टी इंजीनियरिंग विभाग द्वारा निर्धारित मूल्यांकन व मानदंडों के आधार पर चयन कर सम्मानित किया गया। विजेताओं को 'सर्वोत्तम', 'अनमोल' और 'दक्ष्य' नाम की तीन श्रेणियों क्रमशः पहले, दूसरे और तीसरे स्थान के लिए सम्मानित किया गया। सर्वोत्तम श्रेणी के विजेताओं को 3,000 रुपये, अनमोल को 2,000 और दक्ष श्रेणी के विजेताओं को 1,000 रुपये के उपहार से पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में संबंधित विजेताओं को वर्ष 2022 के लिए कुल मिलाकर 46 पुरस्कार वितरित किए गए। सर्वोत्तम श्रेणी में 8 पुरस्कार और अनमोल श्रेणी में 8 पुरस्कार और दक्ष श्रेणी में 30 पुरस्कार वितरित किये गये। पुरस्कार समारोह में सभी विजेताओं को पुरस्कार राशि के बराबर उपहार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में संबंधित विभागाध्यक्षों द्वारा उनकी उपलब्धियों को पढ़कर सुनाया गया।

भिलाई। नवरात्रि के अवसर पर मुख्यमंत्री निवास कैम्प कार्यालय में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल कन्या पूजन करते हुए।

जांजगिरी में रंगारंग ग्रामीण लोक कला उत्सव का आयोजन

भिलाई/ नवप्रदेश। भिलाई इस्पात सयंत्र के निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग द्वारा आदर्श इस्पात ग्राम जांजगिरी में 28 मार्च 2023 को नवोदित स्थानीय कलाकारों की प्रतिभा को आगे लाने, लोक कलाकारो को मंच प्रदान करने एवं ग्रामीणों में लोक कला के प्रति जागरूकता लाने के परिप्रेक्ष्य में ग्रामीण लोक कला उत्सव का आयोजन किया गया। इस ग्रामीण लोकोत्सव में 5 कला दलों ने रंगारंग प्रस्तुति दी। जिसमें हमर दुर्ग, छत्तीसगढ़ी लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम, शिवकांत तिवारी द्वारा विविध लोक गीत की प्रस्तुति, माँ सरस्वती पंडवानी समिति, कोकड़ी की टोमिन निषाद एवं साथियों द्वारा पंडवानी गायन कापालिक शैली में पेश किया गया। वहीं छत्तीसगढ़ लोकविधा लोकनृत्य समूह, कातरों द्वारा विविध लोक गीत एवं नृत्य की प्रस्तुति दी गयी। जय श्री कृष्णा गोकुलधाम अहिर राउत नाचा, घुमका द्वारा राउत नाचा की प्रस्तुति दी गयी। गौतम चैबे, देउरगांव द्वारा लोरिक चंदा नाटक का रोचक मंचन किया गया। इस लोकोत्सव का ग्राम जांजगिरी एवं समीपस्थ ग्राम के ग्रामीणों ने भरपूर आनन्द उठाया।

कोक ओवन में सुरक्षा सप्ताह का समापन

भिलाई। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के कोक ओवन एवं कोल केमिकल विभाग में मुख्य महाप्रबंधक तरुण कानरार के नेतृत्व में सुरक्षा सप्ताह का आयोजन किया गया। इस आयोजन में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम जैसे नुक्कड़ नाटक, ड्राइंग, पेंटिंग, भाषण प्रतियोगिता, कम समय में फुल बाडी हार्नेस पहनने की प्रतियोगिता, गीत, कविता एवं प्रदर्शनी के माध्यम से लोगों में सुरक्षा के प्रति जागरूकता लाने का सफल प्रयास किया गया। कार्यक्रम में संयंत्र के विभिन्न विभागों ईएमडी, अलग-अलग विषयों पर कार्यशाला का आयोजन भी किया गया।

संयंत्र और आईओसीएल के बीच हुआ समझौता

भिलाई/ नवप्रदेश। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के सामग्री प्रबंधन विभाग एवं इंडियन ऑयल कारपोरेशन के मध्य सल्फ्यूरिक एसिड संयंत्र के लिए सल्फर प्रदाय हेतु दिनांक 29 मार्च 2023 को समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया गया।

पूर्व में सल्फर को एम एम टी सी के माध्यम से आयात किया जाता था जो कि विशाखापट्टनम बंदरगाह से भिलाई रेल के माध्यम से भिलाई इस्पात संयंत्र लाया जाता था। भारत सरकार की आत्मनिर्भर भारत एवं मेक इन इंडिया पॉलिसी के तहत भिलाई इस्पात संयंत्र ने सार्वजनिक उपक्रम की पेट्रोलियम कंपनी इंडियन आयल कारपोरेशन से आगामी दो वर्ष के लिए, जिसे एक और वर्ष के लिए बढ़ाया जा सकता है, 20000 टन सल्फर क्रय करने हेतु करार किया गया, जिससे न केवल विदेशी मुद्रा की बचत होगी बल्कि भारत को आत्मनिर्भर बनाने यह एक महत्वपूर्ण कदम भी साबित होगा।

वर्तमान में सल्फर इंडियन आयल कारपोरेशन की पानीपत एवं मथुरा रिफाइनरी से ट्रक परिवहन से भिलाई इस्पात संयंत्र तक लाया जाता है। हर माह भिलाई इस्पात संयंत्र के डीसीडीए एसिड संयंत्र में लगभग 800 टन सल्फर की खपत होती है। एमओयू के दस्तावेज पर भिलाई इस्पात संयंत्र कि तरफ से मुख्य महाप्रबंधक (सामग्री प्रबंधन) तपन कुमार एवं इंडियन आयल कारपोरेशन कि तरफ से डिविजनल हेड (रायपुर) एस पी कछवाह ने हस्ताक्षर किये।

भगवान महावीर के जयघोष के साथ अहिंसा यात्रा आयोजित

दुर्ग/ नवप्रदेश। भगवान महावीर के जयघोष के साथ आज प्रातः 6:30 बांदा तालाब दुर्ग से अहिंसा यात्रा प्रारंभ हुई जो अभी प्रतिदिन शहर के विभिन्न क्षेत्रों से निकलेगी आज बांधा तलाब दुर्ग से अहिंसा यात्रा गंजपारा होते हुए वर्धमान हाइट्स में भ्रमण करते हुए ऋषभ ग्रीन सिटी पहुंची जहां उसका समापन हुआ।

आज की अहिंसा यात्रा में बड़ी संख्या में बच्चे एवं महिलाओं एवं युवाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया प्रभु के जन्म महोत्सव का उत्साह देखते ही बन रहा था भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव समिति के अध्यक्ष जय श्री श्रीमान मंत्री चुन्नीलाल दुग्गड ने जैन समाज के सभी वर्ग संप्रदाय के लोगों से महावीर जन्म कल्याणक के सभी कार्यक्रमों में भाग लेने का निवेदन किया। 29 मार्च से 4 अप्रैल तक चलने वाले इस आयोजन में सामूहिक सामायिक एवं नवकार जाप अनुष्ठान सकल जैन समाज के सभी वर्ग संप्रदाय के लोगों के सहयोग से ऋषभदेव परिसर में संपन्न हुआ जिसमें बड़ी संख्या में साधक समायिक की वेशभूषा में उपस्थित थे और सामायिक तप की आराधना की। उसके पश्चात आयबिल पप तप की आराधना प्रारंभ हुई जिसमें जैन समाज की बड़ी संख्या में महिलाओं ने अपनी हिस्सेदारी निभाई और आयबिलल तप की आराधना को सफल बनाया। 31 मार्च को प्रातः 6:30 प्रभात फेरी अहिंसा यात्रा बदनापुर दिगंबर जैन मंदिर से प्रारंभ होकर शीतलनाथ जैन मंदिर में समापन होगा।

रामनवमी पर्व पर शोभायात्रा में गूंजे जय श्रीराम के जयकारे

■ **मंदिरों में दर्शन के लिए उमड़े श्रद्धालू**

दुर्ग/ नवप्रदेश। रामनवमी पर्व गुरुवार को ट्विनसिटी में पूरे उत्साह के साथ मनाया गया। सुबह से ही राम मंदिरों व अन्य मंदिरों में दर्शन के लिए श्रद्धालू बड़ी संख्या में जुटे। मंदिरों में दिनभर भगवान राम के भजन-कीर्तन गूंजमान रहे। भजनों की धुन में नाच-गाकर श्रद्धालुओं ने अपनी आस्था प्रकट की। कई मंदिरों में भंडारा का आयोजन किया गया। महाप्रसादी ग्रहण करने श्रद्धालू बड़ी संख्या में उमड़े। रामनवमी पर्व पर दुर्ग के पंचमुखी हनुमान मंदिर में विशेष धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। दर्शन के लिए विधायक अरुण वोरा,महापौर धीरज बाकलीवाल,सभापति राजेश यादव,राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग उपाध्यक्ष आरएन वर्मा,राज्य मदरसा बोर्ड अध्यक्ष अलताफ अहमद,एल्डरमैन राजेश शर्मा के अलावा अन्य जनप्रतिनिधि पहुंचे थे। उन्होने पंचमुखी हनुमान जी की पूजा-अर्चना कर शहर के लोगों की खुशियाली की कामना की। तत्पश्चात वे श्रीराम चन्द्र जी के शोभायात्रा में शामिल हुए। यह शोभायात्रा पंचमुखी हनुमान मंदिर से शुरु होकर शहर के प्रमुख मार्गो से होकर गुजरी। शोभायात्रा का श्रद्धालुओं ने जगह-जगह स्वागत किया।शोभायात्रा के दौरान जय श्रीराम के नारे गूंजते रहे। शोभायात्रा में कांग्रेस नेता शिवाकांत तिवारी,भास्कर कुंडले, अनूप पाटिल, राजकुमार पाली, कन्या ढीमर के अलावा बड़ी संख्या में श्रद्धालू शामिल हुए। विधायक अरुण वोरा व महापौर धीरज बाकलीवाल रामनवमी पर्व पर कसारीडीह सिविल लाईन भी पहुंचे। यहां उन्होने रामजानकी मंदिर में पूजा-अर्चना की और श्रद्धालुओं को रामनवमी पर्व की बधाई दी। इस दौरान रामजानकी मंदिर समिति की महिलाएं व अन्य सदस्य मौजूद थे। रामनवमी पर्व के स्वागत में युवा टीम द्वारा कसारीडीह क्षेत्र में भव्य तैयारियां की गई थी।

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग 1
मामले की श्रेणी- राजस्व
संदर्भ- जिला दुर्ग तहसील दुर्ग प.ह.न. 00056 बोरीगारका ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्र.क्र. सीजी 5106422032023009

ईश्तहार

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00056 के अंतर्गत ग्राम बोरीगारका के वर्तमान भूमिस्वामी हेमंत पिता/पति जयंत पता मकान नं. 142 वार्ड 11 ग्राम बोरीगारका पो. पाऊवारा तह. व जिला दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 927/1 (0.3600) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता राकेश देवांगन पिता/पति स्व. बृजलाल देवांगन पता मिलपारा वार्ड 03 उतई तह. व जिला दुर्ग के नाम पर पंजीयन/ फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण /अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 17/04/2023 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग 1 पर की जावेगी ।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 23/03/2023 को जारी किया जाता है।

सील — **नायब तहसीलदार दुर्ग, तहसील दुर्ग**

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी, दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. /26/अ-20(1)/वर्ष 2021-2

आवेदक अमित निम्बर्ते पिता स्व. विनायक निम्बर्ते निवासी आमदी नगर हुडको भिलाई जिला दुर्ग द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि आमदी नगर हुडको भिलाई में स्थित खसरा नं. 1/2, 2/1 का टु. भूखण्ड नं. एलआईजी-139 क्षेत्रफल 96.00 वर्गमीटर भूमि आवेदक के दादा भिवा भगवान को भिलाई इस्पात संयंत्र, भिलाई द्वारा आबंटित है। आबंटिती की मृत्यु दिनांक 19/01/2005 को हो चुकी है। आवेदक द्वारा मृतक आबंटिती का नाम विलोपित करने तथा उनके विधिक वारिसानों का नाम दर्ज करते हुए पटटा निष्पादन करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को दावा या आपत्ति हो, तो प्रकरण की सुनवाई दिनांक 20/04/2023 को या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः या किसी व्यक्ति अथवा अधिवक्ता के द्वारा जिस भू-खंड संबंधी जानकारी हो आवष्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे अथवा करवाया जावे। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आक्षेप/आपत्ति पर कोई कार्यवाही नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 24/03/2023 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

सील — **नजूल जांच अधिकारी, दुर्ग**

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

क्र. / प्र.1अति. तह. / 2022
दुर्ग दिनांक 21/3/ 2023

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक अम्मू नागमणि आ.स्व. ए.वेंकटरमण साकिन 511 महाराणा प्रताप नगर वार्ड 52 बोरसी द्वारा दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि ख.न. 287/12 रकबा 0028 हे. भू.रा रूपये से संबंधित ऋण पुस्तिका गुम हो जाने के कारण द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका प्रदाय किये जाने के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त भूमि द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका प्रदाय किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि 10/04/2023 तक या उसके पूर्व स्वय या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आजदिनांक 21/3/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

सील — **तहसीलदार दुर्ग**

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. अ-6/2022-23

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है । आवेदक/ आवेदिका अशोक बोहरे पिता स्व. जगदीश प्रसाद बोहरे निवासी ग्राम पोटियाकला तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 95/57 रकबा 0.013 हे. भूमि जो कि आवेदक/शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार जगदीश प्रसाद बोहरे की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक खातेदार के सभी विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह पेशी दिनांक 10/4/23 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 28/3/23 को यह उदघोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया है।
जारी दिनांक 28/03/2023
सुनवाई दिनांक 10/04/2023

सील — **तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय नायब तहसीलदार पाटन
मामले की श्रेणी- राजस्व
संदर्भ- जिला दुर्ग तहसील पाटन प.ह.न. 00003 अमलेश्वर ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्र.क्र. आरडी 202223430301400011

ईश्तहार

तहसील पाटन के प.ह.न. 00003 के अंतर्गत ग्राम अमलेश्वर के वर्तमान भूमिस्वामी कमलनारायण वर्मा पिता/पति-पिता फत्तेलाल वर्मा पता असौका पी / 1976664 के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 270/107 (0.0100) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता कु. काव्या वर्मा पिता स्व. कमलनारायण वर्मा पता निवासी सूरज रोड लाइंस के पीछे सिद्धेश्वर मंदिर रोड़ कोटा तहसील एवं जिला रायपुर छ.ग. श्रीमती वंदना वर्मा पिता /पति-पति स्व. कमलनारायण वर्मा पता निवासी सूरज रोड लाइन्स के पीछे सिद्धेश्वर मंदिर रोड़ कोटा तहसील एवं जिला रायपुर छ.ग. के नाम पर पंजीयन/फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरुस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 18/04/2023 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय नायब तहसीलदार पाटन पर की जावेगी ।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को कोई दावा आपति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 27/03/2023 को जारी किया जाता है।

सील — **नायब तहसीलदार पाटन, जिला दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय तहसीलदार पाटन के न्यायालय में मामला क्रमांक 202302100900089
मामले की श्रेणी- राजस्व विषय-अ-5 सन 2022-23
सेमरी प.ह.न. 00031 [452 (0.4000 हे.)
पक्षकारों का विवरण
आवेदक पक्षकार- केदार सिंह,
अनावेदक पक्षकार

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्व साधारण एवं ग्राम सेमरी ह.नं. 34 तहसील पाटन, जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक केदार सिंह पिता गणेशराम निवासी ग्राम सेमरी तहसील पाटन जिला दुर्ग द्वारा ग्राम सेमरी ह0नं0 34 तहसील पाटन स्थित अपने नाम दर्ज शासन द्वारा कोतवारी स्वामित्व की भूमि पुराना ख.नं. 253, 266, 487, 618/8, 714 रकबा क्रमशः 1.06, 0.29, 0.05, 8.04, 0.56 हे. कुल खा.नं. 05 कुल रकबा 10.00 हे. का नया ख.नं. 452, 473, 574, 7, 45, 883, 989 रकबा क्रमशः 0.40, 0.16, 0.02, 2.00, 0.21, 0.26 हे0 कुल ख.नं. 06 कुल रकबा 3.05 हे. का बंदोबस्त त्रुटी से हुई रकबा में कमी के सुधार हेतु दर्ज कर आवेदन पत्र अधिवक्ता के माध्यम प्रस्तुत आवेदन आधार पर प्रकरण न्यायालय मे विचारधीन है।

अतः आवेदक केदार सिंह पिता गणेशराम द्वारा प्रस्तुत आवेदन आधार पर उपरोकतानुसार बंदोबस्त त्रुटि सुधार की कार्यवाही मे जिस किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति प्रकरण में सुनवाई तिथि 16.03.2023 तक इस न्यायालय मे प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 27/02/2023 को जारी किया जाता है।

सील — **तहसीलदार पाटन**

न्यायालय तहसीलदार (नजूल) जिला-दुर्ग (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. 202303105200005
अ-20(1)/2023

उद्घोषणा

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका अन्जू यादव पति गोपाल यादव निवासी ठेठवार पारा बैगापारा दुर्ग द्वारा ग्राम दुर्ग स्थित नजूल शीट क्रमांक 28 डी ख.न. 970 286 वर्गफीट मे मकान बनाकर 40 वर्षो से निवास कर रही है। भूमि को शासन के योजना अनुसार आबंटन/ व्यवस्थापन किये जाने के संबंध में आवेदन पत्र कलेक्टर महोदय को प्रेषित किया गया है, जो जांच प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है अतएव उपरोक्त भूमि को आवेदिका अन्जू यादव पति गोपाल यादव हेतु व्यवस्थापन किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या दावा हो तो सुनवाई दिनांक 13.042023 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है निर्धारित तिथी के बाद प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक 28.03.2023 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया ।
पेशी दिनांक 13.04.2023

सील — **तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई के न्यायालय में मामला क्रमांक 202303101000068
विषय-अ-6 मामले की श्रेणी-राजस्व सन-2022-23
कोहका प.ह.न. 00045 (2631/56(0.02000)
पक्षकारों का विवरण -
आवेदक पक्षकार- श्रीमती आशा सुधीर जोशी,
अनावेदक पक्षकार - अभिषेक श्रीवास्तव,

ईश्तहार

आवेदक श्रीमती आशा सुधीर जोशी पिता/पति/ सुधीर जोशी पता-कोहका भिलाई द्वारा ग्राम कोहका प.ह.न. 19, रा.नि.म. कोहका, तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि ख.न. 2631/56 रकबा 0.020 हे. भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर बैनामा दिनांक 01/02/2023 को विक्रेता अभिषेक श्रीवास्तव पिता/पति संजय श्रीवास्तव पता जगदीशपुर से क्रय किया है कि नामांतरण किये जाने बाबत आवेदन पत्र मय बैनामा की छाया प्रति प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 13/04/2023 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयवधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 20/03/2023 को जारी किया जाता है।

सील — **तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

न्यूज गैलरी

स्कूली छात्रों को मिला जाति प्रमाण पत्र

कांकेर/नवप्रदेश। कांकेर विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत में मनकेशरी में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कांकेर श्री धनंजय नेताम के निर्देशन में सचिवालय के दिन विशेष शिविर लगाकर सुराजी अभियान के तहत बनाई गई जाति प्रमाण पत्र को स्कूली छात्र छात्राओं को वितरित किया गया। इस अवसर पर संकुल समन्वयक, विद्यालय के शिक्षक तथा पालकगण उपस्थित थे।

3 साल की सुरय्या फातिमा ने रखा पहला रोजा

कांकेर/नवप्रदेश। रमजान करीम का मुकद्दस महिना चल रहा है हाजी मोहम्मद इकबाल मेमन साहब की पोती और सरकार अमीने शरीअ्त के मुरीद हाजी मोहम्मद सलीम मेमन रज़वी की सहजादी सुरय्या फातिमा ने 03 साल की उम्र में अपना पहला रोजा मुकम्मल किया और इस मौके पर खलीफ़ ए सरकार अमीने शरीअ्त मुफ्ती अ. मुग्नी साहब , खलीफा ए सरकार ताजुश्शरीआ कारी अबरार अहमद साहब किबला व मौलाना हसनैन रज़ा साहब सभी औलमा ए अहले सुन्नत ने बच्ची को दुआओं से नवाजा गया है।

नर्सरी कक्षा के छात्र ने किया अमेजॉन में मॉडलिग

कांकेर/नवप्रदेश। माहुरबंद पारा निवासी प्रधान अध्यापिका सुषमा सूर्या ठाकुर के नाती एवं नवनीत कुमार व सफ्ल ठाकुर के पुत्र अर्नव वीर सिंह राजपूत का चयन अमेजॉन किड्स फुल स्लीव टी शर्ट फोर बॉय (लाइट ब्लू) के में हुआ। अर्नव वीर सिंह राजपूत का सोशल मिडिया इंस्टाग्राम के माध्यम से मॉडलिग के लिए चयन हुआ। चयन के उपरान्त मुंबई महाराष्ट्र में उनका ऑडिशन हुआ। ऑडिशन मे उन्हे बाल कलाकार के रूप में वस्त्र के मॉडल के रूप में चयनित किया गया।ठाकुर परिवार एवं पैराडाइज हायर सेकेन्डरी स्कूल प्राचार्य रश्मि रजक, मैनेजर योगेश रजक सब मैनेजर हमीद खान, प्री-प्राइमरी शिक्षक स्वाति गुप्ता, वर्षा रमानी, मेघा सेवा, सुष्मिता प्रधान, सरिता मिश्रा, रूपमणी प्रधान, आकांक्षा यादव व अन्य शिक्षकों ने अर्नव वीर सिंह ठाकुर जो कि नर्सरी कक्षा का छात्र है उनको उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं व आशीर्वाद प्रदान किया।

श्री राम के जीवन को अपने जीवन में उतारें : नागवंशी

नगरी/नवप्रदेश। ग्राम गट्टासिल्ली में आयोजित त्री दिवसीय मानस सम्मेलन के दूसरे दिन मानस सुनने पहुंची पूर्व जिला पंचायत सदस्य व भाजपा जिला मंत्री प्रेमलता नागवंशी। उन्होंने वहां पहुंच कर पूजन व आरती किया तथा ग्रामवासियों को सम्बोधित किया। उन्होंने कहा की हमें श्री राम जी के जीवन की सभी बातों को अपने जीवन में उतरना चाहिए। वहीं उन्होंने नशा पान और शराब से युवाओं को दूर रहने का आग्रह किया। शराब और नशा पान से ना ही खुद का जीवन बर्बाद हो रहा है अपितु समाज का माहौल भी बिगड़ रहा है। उन्होंने प्रतिदिन अपने आराध्य देवी देवताओं का पूजन करने को सभी को कहा। मानस कार्यक्रम में मुख्य रूप से अखिलेश प्रजापति, संजय शांडिल्य, खान भाई व ग्रामवासी भारी संख्या में उपस्थित रहे।

रामजानकी मंदिर में भगवान राम का जन्मोत्सव मनाया गया

भाटापारा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ गहवई कुर्मि क्षत्रिय समाज के द्वारा भगवान श्री रामचन्द्र का जन्मोत्सव श्री रामजानकी मंदिर में

समजिकजनों ने पूजा-अर्चना कर समाज की प्रगति सुख-शांति समृद्धि की कामना किये जिसमें मंदिर के पुजारी के साथ समाज के केन्द्रीय अध्यक्ष उतरा कुमार वर्मा, रामगोपाल वर्मा मोहन वर्मा, माखन वर्मा, नोखेलाल वर्मा, रामचन्द वर्मा, कृष्णा, भीखम वर्मा ,तिवारी वर्मा शामिल हुए। उक्त जानकारी समाज के मीडिया प्रमुख सुरेश कुमार वर्मा द्वारा दिया गया

सिंगारपुर में हुआ गोरेलाल बर्मन का कार्यक्रम

भाटापारा/नवप्रदेश। मावली माता मंदिर सिंगारपुर में आयोजित जगराता कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि सुनील माहेश्वरी शामिल हुए।इस दौरान सुर बइहा गोरेलाल बर्मन ने रंगा रंग प्रस्तुति दी। अपने संबोधन में सुनील माहेश्वरी ने मां मावली से प्रार्थना कि यहां मौजूद सभी लोगों पर अपनी कृपा बरसाएं। सभी के घर, परिवार का संकट दूर हो। साथ ही प्रदेश में एक बार फिर से भूपेश बघेल की सरकार बनाने की आम श्रद्धालु भक्तो से अपील की।

मुख्यालय में रहे आरआई और पटवारी, अन्यथा होगी कार्यवाही : कलेक्टर

■ तहसील भवन छाल का काम जल्द शुरू करने के निर्देशह्य

रायगढ़/नवप्रदेश। आरआई और पटवारियों को बार-बार अपने मुख्यालय में रहने के निर्देश दिए जा रहे हैं। इसके बाद भी कई जगहों से शिकायतें मिल रही हैं कि वे मुख्यालय में नही रह रहे हैं। यह गंभीर लापरवाही है, ऐसी शिकायतें मिलने पर अब कार्यवाही होगी। उक्त बातें कलेक्टर श्री तारन प्रकाश सिन्हा ने छाल तहसील कार्यालय के निरीक्षण के दौरान कही। दरअसल निरीक्षण के दौरान यह बातें सामने आयी कि यहां आरआई और पटवारी मुख्यालय में नही मिल रहे हैं। कलेक्टर ने एसडीएम को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी का मुख्यालय में रहना सुनिश्चित कराएं। कलेक्टर श्री सिन्हा ने तहसील कार्यालय के सभी शाखाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि यह नया कार्यालय है अतः काम को शुरुआत से व्यवस्थित करते चलें, जिससे पक्षकारों को सुविधा हो। इस दौरान उन्होंने तहसील भवन निर्माण के लिए चयनित स्थल का भी निरीक्षण किया। उन्होंने भवन के लिए स्वीकृत ड्राइंग डिजाइन का अवलोकन करते हुए कहा कि इसमें कार्यालय के सभी शाखाओं के लिए व्यवस्था हो। उन्होंने काम जल्द शुरु कराने के निर्देश पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को दिए।

कलेक्टर श्री सिन्हा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हाटी के निरीक्षण में भी पहुंचे। यहां उन्होंने पेशेंट वार्ड और लेबर रूम का निरीक्षण किया और अस्पताल में प्रतिमाह होने वाली डिलीवरी की जानकारी ली। यहां अतिरिक्त भवन की मांग रखी गई। इसके साथ अस्पताल में महतारी एक्सप्रेस और शव वाहन की मांग भी स्थानीय लोगों ने रखी। कलेक्टर श्री सिन्हा ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को इसका प्रस्ताव बना कर देने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सिन्हा ने ग्राम पोड़ी छाल में जनपद पंचायत धरमजयगढ़ द्वारा बनवाए जा रहे अमृत सरोवर का काम भी देखा। यहां अब तक हुए कार्य के बारे में जानकारी ली। बताया गया कि यहां मनरेगा से काम करवाया जा रहा है। कलेक्टर श्री सिन्हा ने यहां सरोवर के चारों ओर पिचिंग व प्लांटेशन करवाने के निर्देश दिए।

गांवों में वनोपज संग्रहण की हो व्यवस्था

कलेक्टर श्री सिन्हा अपने प्रवास के दौरान ग्राम तरेकेला में ग्रामीणों से चर्चा कर रहे थे। इसी बीच वहां से जंगल से महुआ का संग्रहण कर लौट रही महिला भी पहुंची। कलेक्टर श्री सिन्हा ने महिला से महुआ संग्रहण और उसकी बिक्री के संबंध में बात की। महिला ने बताया कि वे इकठ्ठा किए हुए महुआ को स्थानीय स्तर पर बेच देती है। कलेक्टर श्री सिन्हा इस पर वन विभाग के अधिकारियों को गांवों में वनोपज संग्रहण की व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

गौठान में शुरू कराएं मछली पालन

कलेक्टर श्री सिन्हा ने छाल में आवर्ती चराई के लिए बने वन विभाग के गौठान का भी निरीक्षण किया। उन्होंने यहां करवाए जा रहे अन्य गतिविधियों के बारे में भी जानकारी ली। यहां महिला समूह द्वारा कंपोस्ट तैयार किया जा रहा है। कलेक्टर श्री सिन्हा ने समूह से चर्चा कर उनके कामकाज की जानकारी ली।

अधोसंरचना निर्माण कार्यों के लिए 153.29 लाख स्वीकृत

कांकेर/नवप्रदेश। संसदीय सचिव छ.ग.शासन एवं विधायक शिशुपाल शोरी के अथक प्रयास से मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना वर्ष 2022-23 के अन्तर्गत अधोसंरचना निर्माण कार्यों की स्वीकृति 24 मार्च 2023 को प्रदान की गई है।

जिसके अन्तर्गत 18 कार्यो के लिए 153.29 लाख रूपये की स्वीकृति विधानसभा क्षेत्र कांकेर अन्तर्गत विकास खण्ड कांकेर/नरहरपुर को प्राप्त हुआ है जो निम्नानुसार है विकास खण्ड कांकेर के ग्राम पंचायत कुलगांव में नवीन पंचायत भवन निर्माण कार्य के लिए 14.15 लाख रूपये, ग्राम पंचायत पोटगांव में सी.सी.सड़क निर्माण कार्य भाटापारा से रोड़ तक 02 युनिट लागत राशि 5.20 लाख, ग्राम पंचायत तेलावट में सी.सी.सड़क निर्माण कार्य हाई स्कूल तेलावट 02 युनिट लागत राशि 5.20 लाख, ग्राम पंचायत मांदरी सी.सी.सड़क निर्माण कार्य महेश घर से नाथू कोर्राम घर तक 07 युनिट लागत राशि 18.20 लाख, ग्राम पंचायत अर्जुनी सी.सड़क निर्माण कार्य मानसिंग घर से बाबा खेत तक नान्दनमारा 02 युनिट लागत राशि 05.20 लाख, ग्राम पंचायत मोदे सी.सड़क निर्माण कार्य कुलेश घर से बंशी घर तक 02 युनिट लागत राशि 05.20 लाख, ग्राम पंचायत लाल माटवाड़ा सी.सड़क निर्माण कार्य बंशी घर से छोटेपारा नान्दनमारा तक 06 युनिट लागत राशि 15.60 लाख, विकास खण्ड नरहरपुर के ग्राम पंचायत धौंराभाठा में सी.सी.सड़क निर्माण कार्य हाई स्कूल से मुख्य मार्ग तक उरैया 03 युनिट लागत राशि 7.80 लाख, ग्राम पंचायत धौंराभाठा में सी.सी.सड़क निर्माण कार्य सांवत घर से सुने घर तक 04 युनिट लागत राशि 10.40 लाख, ग्राम पंचायत मासूलपानी में सी.सी.सड़क निर्माण कार्य गौठान के सामने नल से शिशुपाल वट्टी घर तक 03 युनिट लागत राशि 07.80 लाख, ग्राम पंचायत कुम्हानखार में सी.सी.सड़क निर्माण कार्य प्राथमिक शाला झुलनातेंदू 03 युनिट लागत राशि 07.80 लाख, ग्राम पंचायत बीरनपुर में सी.सी.सड़क निर्माण कार्य शीतला मंदिर से पूर्व मा.शाला तक 03 युनिट लागत राशि 07.80 लाख, ग्राम पंचायत बनसागर में सी.सी.सड़क निर्माण कार्य बुधराम सुरोजिया घर से विरेन्द्र घर तक 04 युनिट लागत राशि 10.40 लाख, ग्राम पंचायत भनसुली में सी.सी.सड़क निर्माण कार्य मुख्य मार्ग से कृष्णा टेकाम घर तक बरेठिनबाहरा 02 युनिट लागत राशि 05.20 लाख, ग्राम पंचायत हटकाचारामा में पुलिया निर्माण कार्य बड़े तालाब हटकाचारामा 02 मीटर स्पान लागत राशि 03.94 लाख, ग्राम पंचायत रावस में सी.सी.सड़क निर्माण कार्य आंगनबाड़ी से रामप्रसाद घर तक 02 युनिट लागत राशि 05.20 लाख, ग्राम पंचायत रिसेवाड़ा में सी.सी.सड़क निर्माण कार्य पीपल चौंक से तालाब तक 04 युनिट लागत राशि 10.40 लाख, ग्राम पंचायत दलदली में सी.सी.सड़क निर्माण कार्य मुख्य मार्ग से ग्राम पंचायत भवन तक 03 युनिट लागत राशि 07.80 लाख के कार्यो की स्वीकृति प्राप्त हो गया है जिससे ग्राम पंचायतों में अधोसंरचना कार्य के साथ आवागमन एवं कृषि कार्यो में सुगमता प्राप्त होगी।

बूढ़ादेव यात्रा का समाज के लोगों ने किया स्वागत

नगरी/नवप्रदेश। अपने पुरखा देवता के सम्मान और छत्तीसगढिय़ा संस्कृति की स्थापना को लेकर छत्तीसगढिय़ा क्रांति सेना प्रदेशभर में बुढ़ादेव यात्रा निकाली जिसका समापन 8 अप्रेल को रायपुर स्थित बूढ़ातालाब में होना है । इसी कड़ी में यह यात्रा धमतरी जिला के नगरी ब्लॉक में पहुँची। गुरुवार को नगरी शहर के गोंडवाना भवन से प्रातः 9.30बजे बूढ़ादेव यात्रा शहर भ्रमण करते हुए सांकरा होते गरियाबंद के लिए निकली। सर्व आदिवासी समाज तहसील नगरी द्वारा रथ का स्वागत किया गया ।

गोंडवाना भवन के पास स्तिथ शहीद वीर नारायण सिंह के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर डमकाडीही से रानी दुर्गावती चौक से नगर के हृदय स्थल बजरंग चौक होते सांकरा को रथ निकली जगह जगह रथ का स्वागत कर कांसा दान किया गया। समाजजनों द्वारा बाइक रैली के माध्यम से बूढ़ादेव यात्रा की अगवानी की गई। इस अवसर पर सर्व आदिवासी समाज जिला युवा अध्यक्ष प्रमोद कुंजाम, तहसील अध्यक्ष उमेश देव, संतकुमार नेताम, टिकेश्वर ध्रुव पार्षद, नीलू छेदैहा, जनपद सदस्य मन्नू यादव, नारद मंडावी, बलराम शोरी, दानेश्वर शोरी, भानुप्रताप कुंजाम ,पुरन नेताम, पार्षद जितेंद्र ध्रुव, राकेश नेताम, राहुल ध्रुव, वासु ध्रुव, भगवान सिंह नेताम, छबिलाल कुंजाम, मनीष कुंजाम, रामकुमार ध्रुव, नारायण कुंजाम, मोहन मरकाम, हृदय नाग, नकुल ध्रुव, अनित नेताम, अरविंद नेताम, गुलाब नेताम, उमाशंकर ध्रुव, तरुण ध्रुव, रोहित नेताम, नारायण कुंजाम एवं अन्य सामाजिकगण तथा छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

सुग्घर पढ़वईया थर्ड पार्टी आंकलन में बालक-पालक दिखे उत्साहित

नगरी/नवप्रदेश। शासकीय प्राथमिक शाला डोंगरीपारा, संकुल चर्रा, विकासखण्ड नगरी शासन की महत्वाकांक्षी योजना सुग्घर पढ़वईया योजना के अंतर्गत थर्ड पार्टी आंकलन के लिए SCERT रायपुर टीम के निर्देशानुसर जोहन नेताम व्याख्याता डाईट एवं छात्राधयापको के द्वारा शासकीय प्राथमिक शाला डोंगरीपारा (चर्रा) में दिनांक 29/03/2023 दिन बुधवार को सम्पन्न हुआ। यह जानकारी देते हुए अपार हर्ष हो रहा है कि शाला में दर्ज 39 बच्चों को उनके पलकों के द्वारा स्कूल तक पहुँचाने आये,साथ साथ बच्चों के थर्ड पार्टी आंकलन में अति उत्साहित दिखे। पालक बच्चों के आंकलन होते तक स्कूल परिसर में रहकर शासन के महती योजना के बारे में आदरणीय श्री जोहन नेताम के द्वारा पलकों को मोटिवेसन किया गया। पलकों से चर्चा में बताया गया कि प्राथमिक शाला के प्रधानपाठक यशवंत कुमार ढिंढेकर के द्वारा स्कूल में पालक संघ, प्रबंधन एवं विकास समिति का बार- बार बैठक बुलाकर बच्चों की दक्षता,उपस्तिथि एवं शासन की योजनाओं के प्रति जागरूक किया गया।बच्चों के द्वारा दीये गये उत्तर से सभी संतुष्ट हुए। सुग्घर पढ़वाईया योजना की तैयारी शाला के प्रधानपाठक के साथ साथ अंशु देवागन सहायक शिक्षक एल बी का एवं समस्त पलकों का विशेष योगदान रहा। इस कार्यक्रम में उपस्तिथ हुए जोहन नेताम व्याख्याता डाईट नगरी,एवं छात्राधयापक टिकेश्वर मरकाम, अनिल यादव, चिंटू नागवंशी, चेतन साहू धनेन्द्र मरकाम, सुनील पुजारी, डोमेश्वर निषाद, सरिता जगत, भावना नाग एवं डाकेश्वरी मरकाम छात्राधयापाक शामिल रहें एवं श्री ललित कुमार श्रीवास संकुल समन्वयक चर्रा,श्री यशवंत कुमार ढिंढेकर प्र पा अंशु देवांगन, शान्ति बैरागी बोधनी यदु प्र पाठक प्रेमनगर भानू राम देव प्र पाठक चर्रा, श्रीकिशन नाग प्रबंधन समिति अध्यक्ष, जगत राम नाग सेवानिवृत शिक्षक, नेहरु कश्यप, लक्ष्मीनाथ कश्यप, अर्जुन कश्यप, कुंदन कश्यप भानू राम कश्यप, सुलोचना नाग, कुलेश्वरी यदु, आदि उपस्तिथ हुए।

बेरोजगारी भत्ता आवेदन कल से होगा प्रारंभ

सूरजपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 1 अप्रैल 2023 से लागू की जा रही बेरोजगारी भत्ता योजना के लिए तैयारी पूर्ण कर ली गई है, इस योजना अंतर्गत शिक्षित बेरोजगारों को 2500 रू. प्रतिमाह बेरोजगारी भत्ते के रूप में दिया जाएगा। आवेदनो के सत्यापन के लिए जनपद पंचायत रामानुजनगर के समस्त गांव को 11 क्लस्टर मे विभाजित किया गया है, जिसमें उ.मा.वि.कृष्णपुर में कृष्णपुर, बरौल, परसापारा, अगस्तपुर, उमेशपुर, भरूहामुडा, कमलपुर है, उ.मा.वि. देवनगर में देवनगर, धनेशपुर, पण्डरी, पोड़ी, तेजपुर, बिसुनपुर, गोपीपुर, कल्याणपुर, उ.मा.वि. भुनेश्वरपुर में भुनेश्वरपुर मदनेश्वरपुर, शिवपुर, गोविंदपुर, पस्ता, बद्रिकाश्रम, कैलासपुर, नारायणपुर, उ.मा.वि. कन्या रामानुजनगर में रामानुजनगर, सरईपारा, त्रिपुरेशवरपुर कौशलपुर पंपानगर, लब्जी, दवना, उ.मा. वि. तिवरागुड़ी में तिवरागुडी, बरहोल, नकना, बकना, पिवरी, मकरबन्धा, छिंदिया, उ.मा. वि. उमापुर में मांजा, उमापुर, सुमेरपुर, तेलाईमुड़ा, लेडुआ उ.मा. वि. गणेशपुर में गणेशपुर, पंचवटी, रामतीर्थ, बरबसपुर, परमेश्वरपुर, अर्जुनपुर, हनुमानगढ़, पवनपुर, उ.मा. वि. मदनपुर में मदनपुर, जगतपुर, रामेश्वरम, केशवपुर, द्वारिकपुर, गोकुलपुर, उ.मा. वि. सोनपुर में पम्पापुर, कोट, सोनपुर, तेलसरा, चन्द्रपुर, पटना, उ.मा. वि. साल्ही में रामपुर, साल्ही, आमगांव, जगरनाथपुर, सागरपुर, सिन्दूरी, उ.मा. वि. परशुरामपुर में सुरता, परशुरामपुर, अक्षयपुर, राजपुर, पतारापाली, मोहनपुर है।

नवागढ़ में निकली प्रभात फेरी

नवागढ़/नवप्रदेश। नवरात्रि के अवसर पर जगतगुरु शंकराचार्य पुरी पीठाधीश्वर स्वामी निश्चलानंद सरस्वती के राष्ट्र उत्कर्ष अभियान के तहत अष्टमी के दिन हिंदू नव वर्ष पर नवागढ़ नगर में प्रभात फेरी निकाली गई। जिसमें विशेष रुप से पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष गीरेंद्र महीलांग, वार्ड क्रमांक 5 के पार्षद टीकम गोस्वामी, सर्व यादव समाज अध्यक्ष हेमकांत यादव शामिल हुए। यह फेरी शंकर नगर एवं बावा पारा मंडली के साथ नगर के भैरव बाबा, शारदा मंदिर, महामाया मंदिर का दर्शन के दर्शन उपरांत समाप्त हुई।

पंचायत सचिव संघ तिल्दा ने किया हवन

खरोरा/नवप्रदेश। जनपद पंचायत तिल्दा परिसर मैं पंचायत सचिव संघ ब्लॉक इकाई तिल्दा अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे हैं हड़ताल के आज 14 वे दिन भी जारी रहा जहां धरना स्थल पर सचिवो द्वारा सद्बुद्धि यज्ञ का आयोजन किया गया धरना स्थल पर पंडाल में बकायदा पंडित द्वारा यज्ञ हवन कर प्रसाद वितरण भी किया गया ।

नाम परिवर्तन

मैं शपथकर्ता राजू लाल सोबने (RAJU LAL SOBANE) आत्मज स्व. कृष्णा सोबने (LATE, KRISHNA SOBANE) उम्र 49 वर्ष, निवासी- मकान नंबर-408, वार्ड नंबर-13, ननकट्टी, दुर्ग तहसील व जिला-दुर्ग (छ.ग.) पिन कोड - 491001 का हूँ मेरा नाम एवं पता संबंधित विवरण उपर दिये अनुसार है । मेरी जन्मतिथि- 07/10/1974 है, तथा मेरा आधार कार्ड नंबर- 65815771 2070 हैं. मेरे नाम से जारी किया गया आयकर विभाग का पेन कार्ड, आधार कार्ड, परिचय पत्र में मेरा नाम राजू लाल सोबने (RAJU LAL SOBANE) दर्ज किया गया हैं। मेरे नाम से जारी किया गया आई.डी.बी.आई. बैंक का खाताक्रमांक- 0048104000266864 के पासबुक में मेरा नाम राजू सोनवानी (RAJU SONWANI) है । मेरा नाम राजू लाल सोबने (RAJU LAL SOBANE) एवं राजू सोनवानी (RAJU SONWANI) है, जो कि दोनों ही नाम एक ही व्यक्ति अर्थात गुझ शपथकर्ता का ही नाम हैं । यह शपथ-पत्र मेरे द्वारा दी गई सम्पूर्ण बातों की सत्यता के प्रमाण में माननीय सक्षम प्राधिकारी के समक्ष मेरे पुत्र राजू लाल सोबने (RAJU LAL SOBANE) आत्मज स्व. कृष्णा सोबने (LATE. KRISHNA SOBANE) उम्र 49 वर्ष, निवासी मकान नंबर-408, वार्ड नंबर-13, ननकट्टी, दुर्ग तहसील व जिला-दुर्ग (छ0ग0) पिन कोड - 491001 दर्ज किये जाने के संबंध में प्रस्तुत कर रही हूँ ।

शपथकर्ता

न्यायालय नजूल अधिकारी कवर्धा (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र.ई.पंजी. 202302082200065
अ-6/2022-23

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सरदार अमरजीत सिंह छाबड़ा पिता स्व. सरदार सतपाल सिंह छाबड़ा साकिन कवर्धा जिला कबीरधाम द्वारा नजूल नगर कवर्धा शीट क्र. 17 भूखंड क्र. 98/2 क्षेत्रफल 30.00 व.मी. सतपाल सिंह पिता करतार सिंह के नाम पर दर्ज है। उक्त भूखंड के धारक सतपाल सिंह की मृत्यु दिनांक 07.06.2015 को हो जाने के कारण उनके वैध वारिसों का नाम नजूल अभिलेख में दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। जिसकी सुनवाई दिनांक 21/4/2023 को नियत की गई है।

अतएव नामांतरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति एवं संस्था को उजर अथवा आपत्ति हो तो वे इस न्यायालय में दिनांक 21/4/2023 तक स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर मान्य नहीं किया जायेगा। आज दिनांक 21/3/2023 को इस न्यायालय के पद मुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया है।
जारी दिनांक 21/03/2023
पेशी दिनांक 21/04/2023

सील
नजूल अधिकारी
कबीरधाम

कार्यालय नगर पंचायत नगरी, जिला-धमतरी (छ.ग.)

फोन/फैक्स नंबर 07700-251887 E-mail - cmonagri84@gmail.com
क्र 1860/लो.नि.वि./विधा.नि.आ.सू./2022-23 नगरी, दिनांक 29/03/2023

// मैनुअल निविदा आमंत्रण सूचना //

नगर पंचायत नगरी, जिला धमतरी क्षेत्रान्तर्गत विधायक निधि वर्ष 2022-23 अंतर्गत अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य PWD Building SOR 01-01-2015 से कराया जाना है, जिसके लिए छत्तीसगढ़ शासन में एकीकृत पध्दति से पंजीकृत ठेकेदार, फर्म, संस्था (सक्षम श्रेणी) अपनी निविदा पंजीकृत डांक/स्पीड पोस्ट से अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है, विवरण निम्नानुसार है :-

1. निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन की अंतिम तिथि - 10.04.2023 - 5.30 बजे शाम तक।
2. कोरे निविदा हेतु शुल्क राशि जमा तिथि - 12.04.2023 - 5.30 बजे शाम तक।
3. निकाय द्वारा निविदा प्रपत्र प्रदाय करने का तिथि -17.04.2023 - 5.30 बजे शाम तक।
4. डाक से निविदा प्राप्त करने का तिथि - 20.04.2023 - शाम 5.00 बजे तक।
5. निविदा खोले जाने की तिथि एवं समय - 21.04.2023 - शाम 4.00 बजे से।

क्र.	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (लाख में)	समयावधि
1	अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य (दन्तेश्वरी सभा हाल में) राजाबाड़ा दन्तेश्वरी मंदिर के सामने नगरी	4.00	06 माह

टीप :- उपरोक्त निर्माण कार्यो की सूची एवं निविदा की सामान्य शर्तो, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी विभागीय वेबसाईट के www.uad.cg.gov.in से डाउनलोड एवं प्राप्त की जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत नगरी

कार्यालय पुलिस अधीक्षक, जिला - दुर्ग (छ.ग.)

कलेक्टोरेट परिसर दुर्ग, फोन नं. 07882322071, फैक्स नं. 07882211999
निविदा विज्ञप्ति क्रमांक :- पुअ / दुर्ग / 01 /2023 दिनांक : 28.03.2023

निविदा आमंत्रण सूचना

वर्ष 2022-23

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से पुलिस अधीक्षक, जिला- दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा निर्माण कार्य हेतु मोहरबंद निविदा प्रपत्र अ में ठेकेदारो से दो लिफाफा पद्धति, जिसमें एक अमानत राशि व दूसरा निविदा प्रपत्र का लिफाफा होगा, निविदा आमंत्रित की जाती है।

निविदा क्रमांक	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित लागत	अमानत राशि	कार्य संपूर्ण अवधि का	निविदा फार्म मूल्य
01	रक्षित केन्द्र दुर्ग में टायलेट/ बाथरूम निर्माण कार्य	9.45 लाख	9500 रूपये	02 माह	750 रूपये
02	रक्षित केन्द्र दुर्ग में बोर मय सबमर्सिबल पम्प स्थापना कार्य।	1.43 लाख	1500 रूपये	01 माह	300 रूपये
03	थाना भिलाई नगर परिसर में पुरूष शौचालय/वाशरूम निर्माण कार्य।	1.00 लाख	1000 रूपये	01 माह	300 रूपये

निविदाकर्ता को निविदा प्रपत्र के शर्तों के अधीन निम्न समय सारिणी के अनुसार निविदाएं प्रस्तुत करना होगा।

क्रमांक	विवरण	समय व स्थान
01	निविदाकारों की श्रेणी	ई पंजीयन के अंतर्गत श्रेणी (द) या उससे उच्च श्रेणी
02	निविदा फार्म विक्रय व जमा करने का स्थान	पुलिस अधीक्षक कार्यालय, दुर्ग
03	निविदा फार्म विक्रय की अंतिम तिथि एवं समय	17.04.2023 समय 17.00 बजे तक।
04	निविदा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय	18.04.2023 समय 15.00 बजे तक।
05	टेक्निकल बिड खोलने का तिथि एवं समय	18.04.2023 समय 16.00 बजे तक।
06	फायनेशियल बिड खोलने का समय	पृथक से अवगत कराया जायेगा।

नोट :- 01. निर्माण कार्य हेतु निविदा के नियम कार्यालयीन समय में पुलिस अधीक्षक कार्यालय, दुर्ग से प्राप्त किये जा सकते है। 02. स्थल का चयन पुलिस अधीक्षक दुर्ग के निर्देशानुसार परिवर्तन किया जा सकता है। 03. आकस्मिक स्थिति में निविदा खुलने की तिथि अल्प सूचना पर बदली जा सकती है। 04. उपरोक्त किसी भी तिथि में शासकीय अवकाश घोषित होने की स्थिति में आगामी कार्य दिवस में पूर्व निर्धारित समय तक मान्य किया जावेगा। 05. किसी भी प्रकार के विवादों के निपटारा में पुलिस अधीक्षक, दुर्ग का निर्णय अंतिम एवं मान्य होगा।

जी-99719/2

पुलिस अधीक्षक
जिला- दुर्ग (छ.ग.)

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सरोरा रोड उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित, प्रबंध संपादक - चन्द्रशेखर धोटे, फोन : 0771-4035602, डाक पंजीयन क्रमांक CG/RYP/DN/ 40/2019-2021

न्यूज गैलरी

त्यौहारों के माध्यम से हमारे समाज में सौहार्द और एकता की भावना होती हैं मजबूत : तिवारी

बेमेतरा/नवप्रदेश। नवरात्रि के पावन अवसर पर किसान नेता योगेश तिवारी ने विधानसभा क्षेत्र के सिद्ध शक्ति पीठ का दर्शन कर आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर उन्होंने क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि व खुशहाली की कामना किया। किसान नेता ने क्षेत्र के 150 से अधिक गांव के माता मंदिरों में मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित कराए हैं। किसान नेता ने ग्राम संडी स्थित सिद्ध शक्तिपीठ सिद्धि माता, बेमेतरा जिला मुख्यालय स्थित सिद्ध शक्ति पीठ मां भद्रकाली, मोलीमाता, कारो कन्या माता समेत अन्य माता मंदिरों का दर्शन किया। इस दौरान किसान नेता ने कहा कि ग्राम संडी स्थित सिद्ध शक्तिपीठ मां सिद्धि के दर्शन के लिए दीगर प्रदेश से हजारों भक्त पहुंचते हैं। मान्यता के अनुसार माता के दर्शन करने वाले सभी भक्तों की मनोकामना पूर्ण होती हैं, इसलिए पर्व में लाखों भक्त दर्शन के लिए पहुंचते हैं। इस अवसर पर किसान नेता ने कहा कि त्यौहार हमें सांस्कृतिक और सामाजिक एकता के सूत्र में पिरोते हैं। इन उल्लासमय पर्वों के माध्यम से हमारे समाज में सौहार्द और एकता की भावना मजबूत होती हैं। त्यौहार सभी के जीवन में परस्पर प्रेम और सद्भावना का संचार करें, शक्ति स्वरूपा माता का आशीर्वाद सभी पर बना रहें यही प्रार्थना हैं, मां जगदंबा सभी के जीवन में सुख और समृद्धि करें।

योगेश तिवारी ने माता देवालयों में ज्योति कलश कराया प्रज्वलित

तारालीम, टकसीवा, लोधी ताकम, पतोरा, सुरहोली, खर्रा, कुशमी, बेरला, बहेरा, कोटा, गुधेली, कंडरका, कोहड़िया, खंगारपाठ, ऊफरा, गबदा, पिरदा, भिभौरी, भालेशार, खुडमूडी, देवसरा, कुम्ही, सिलघट, खुडमुड़ा, आनंदगांव, हरदी, बोरसी, अछोली, पहांदा, जमघट, सहगाव, कुशमी बेमेतरा, राका पुराना, कुरूद, जिया, भिलौरी, जेवरी, बहेरघट, नवागांव (बहिंगा), बहिंगा, बीजाभाट, बूढ़ाजौंग, बालौदीकला, परपोड़ा, साल्हेपुर, नारधी, चोंगीखपरी, डंगनिया, बचेड़ी, मोहभट्ठा, मनियारी, कोदवा, बुडेरा, चिखला, सिंघौरी, खिशोरा, हड़गाव, मोहरेंगा, धौराभाठा, खजरी, दारगांव, बिरोदा, मोहलाई, नवागांव, भाठाशोरही, सिवार, तबलघोर, करामल, हतपान के माता मंदिरों में ज्योति कलश प्रज्वलित कराया हैं।

शोभा यात्रा को लेकर समिति की हुई बैठक

बेमेतरा/नवप्रदेश। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में आज 30 मार्च को एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की ने थाना सिटी कोतवाली बेमेतरा में 31 मार्च को श्रीराम नवमी के अवसर पर श्रीराम जन्मोत्सव समिति द्वारा आयोजित शोभायात्रा के संबंध में समिति पदाधिकारियों के साथ की बैठक की। जिसमें श्रीराम नवमी के अवसर पर निकलने वाली शोभा यात्रा की रूट, उसमें लगने वाले ध्वनि विस्तारक यंत्रो, साउण्ड/ डीजे एवं अस्त्र-शस्त्र वर्जित होने, स्वयं का वालेटिंयर रखने जिससे यातायात व्यवस्था बना रहें तथा नियमानुसार डीजे बजाने के संबंध में चर्चा कर आपसी भाई चारा के साथ शांति पूर्ण तरीके से मनाने एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने में पुलिस का सहयोग करने अपील की गई। उक्त बैठक में थाना सिटी कोतवाली बेमेतरा उप निरीक्षक राकेश साहू, सर्व हिन्दू समाज जि. अ. शत्रुहन सिंह साहू, राजा पांडेय, विजय सिन्हा, मोन्टी साहू, सुनील खिलयानी एवं अन्य समिति पदाधिकारीगण उपस्थित रहें।

मां सतबहिनियां मंदिर में ज्योति जवारा विसर्जित

कवर्धा/नवप्रदेश। नगर पिपरिया स्थित माँ सतबहिनियाँ मंदिर में आज बाजे- गाजे के साथ ज्योति जवारा का विसर्जनसकरी नदी में किया गया है जिसे दर्शन करने स्थानीय एवं आसपास के गांवों से श्रद्धालु बड़ी संख्या में पधारे हुये थे इसके साथ साथ नगर अन्य देवी मंदिरों में भी ज्योति- जंवारा का विसर्जन किया गया है ,नवदिन वासंती नवरात्रि में पुरे नगरएवं क्षेत्र का वातावरण भक्तिमय बना हूआ था जगह- जगह एवं मन्दिरो में जसगीत ,भक्ति-गीत से वातावरण गुंजाय मान बना हूआ था ।

जिले के ग्रामीण परिवारों का 1 अप्रैल से शुरू होगा सर्वेक्षण

कवर्धा नवप्रदेश। 1 अप्रैल 2023 से 30 अप्रैल 2023 तक जिले के सभी 468 ग्राम पंचायतों में निवासरत प्रत्येक ग्रामीण परिवारों का सर्वेक्षण किया जाना है। इसके लिए प्रत्येक ग्राम पंचायतों हेतु प्रगणक दलों का गठन किया गया है, जिनका प्रशिक्षण जनपद पंचायतों में संपन्न हुआ है। दो दिवसीय प्रशिक्षण में सर्वेक्षण के दौरान पूछे जाने वाले सभी विषयों की सम्पूर्ण जानकारी दल को दी गई। प्रगणक दलों को ग्राम पंचायतों में निरीक्षण के लिए एस ई सी सी-2011 की सूची, प्रधानमंत्री आवास स्थाई प्रतीक्षा सूची, आवास प्लस सूची, राशन कार्ड धारी परिवारों की सूची,धान विक्रय का किसान पंजीयन सूची एवं मनरेगा जॉब कार्ड की सूची दिया गया। उल्लेखनीय है कि प्रगणक दलों द्वारा ग्रामीणों की जानकारी ऐप के माध्यम से दर्ज की जाएगी साथ ही शासन द्वारा निर्धारित प्रपत्र में भी ग्रामीणों की जानकारी एकत्रित किया जाना है। जिले में छत्तीसगढ़ सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण-2023 के लिए जिला प्रशासन द्वारा सभी तैयारियों को पूर्ण करते हुए सुपरवाइजर एवं प्रगणक दलों को प्रशिक्षित कर उन्हें सर्वेक्षण के संबंध में सभी आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। इस संबंध में ड्यूटी लगे सभी अधिकारियोंङ्कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा। कलेक्टर जनमेजय महोबे ने जनपद पंचायत बोड़ला में प्रशिक्षण के दौरान प्रगणक दलों को छत्तीसगढ़ सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण-2023 के संबंध में जानकारी दी।

जिले के प्रत्येक ग्रामीण

परिवारों का होगा सर्वेक्षण, ऐप एवं निर्धारित प्रारूप में दर्ज की जाएंगी जानकारियां- कलेक्टर महोबे

कलेक्टर जनमेजय महोबे जनपद पंचायत बोड़ला में प्रशिक्षण के दौरान प्रगणक दलों को निर्देशित करते हुए कहा कि शासन द्वारा निर्धारित ऐप में ग्रामीणों से पूछ कर सभी जानकारियां दर्ज करें। साथ मे शासन द्वारा निर्धारित प्रपत्र में ग्रामीण परिवारों की जानकारी दर्ज करते हुए परिवार के मुखिया से हस्ताक्षर कराएं। कलेक्टर ने सुपरवाइजर को निर्देश करते हुए कहा कि वह अपने आवंटित क्षेत्र के ग्राम पंचायतों में नियमित भ्रमण कर प्रगणक दलों को सर्वेक्षण के दौरान आवश्यक सहयोग प्रदान करें। उन्होंने प्रशिक्षण के दौरान ऐप में उल्लेखित सभी बिंदुओं पर विस्तार से जानकारी देते हुए कहा की राज्य शासन का यह अत्यंत महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। जिसे पूरी गंभीरता के साथ समय-सीमा में पूर्ण किया जाना है। प्रगणक दलों को निर्देशित किया गया कि वह सुनिश्चित करें कि उनको आवंटित ग्राम पंचायत में कोई भी ग्रामीण परिवार सर्वेक्षण से ना छूटे। साथ ही सभी ग्रामीण परिवारों से अपेक्षा है कि पूछे गए विषयों की जानकारियां सर्वेक्षण दल को दें।

ग्रामीण परिवारों से प्राप्त जानकारी भविष्य में योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए होगा उपयोग- सीईओ जिला पंचायत संदीप अग्रवाल मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत संदीप कुमार अग्रवाल ने बताया कि जिले के 468 ग्राम पंचायतों के लिए 77 सुपरवाइजर एवं 493 प्रगणक दलों का गठन किया गया है जिसमे 986 सदस्य है। प्रत्येक ग्राम पंचायतों के लिए दो सदस्य दल बनाए गए हैं जिसमें एक महिला कर्मचारी भी शामिल है। ऐसे बड़ी ग्राम पंचायते जहां ग्रामीण परिवारों की संख्या अधिक है उन ग्राम पंचायतों के लिए एक से अधिक प्रगणक दल का गठन किया गया है। सभी दलों को आवश्यक जानकारी उपलब्ध करा दी गई है सर्वेक्षण का कार्य 1 अप्रैल से प्रारंभ हो जाएगा। संदीप कुमार अग्रवाल ने कहां की शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का जन सामान्य के जीवन स्तर पर पड़े प्रभाव का आकलन कर प्राप्त डाटा का भविष्य में योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन एवं नई योजनाओं के निर्माण हेतु शासन द्वारा किया जाएगा।

कलेक्टर ने जनचौपाल में सुनी नागरिकों की समस्याएं

राजनांदगांव/नवप्रदेश। जन-चौपाल कार्यक्रम में कलेक्टर डोमन सिंह ने जिला अधिकारियों के साथ जनसामान्य की समस्याओं को सुना। जन-चौपाल कार्यक्रम में शहरी एवं दूरदराज के ग्रामीण अंचल से आए नागरिकों ने कलेक्टर को आवेदन प्रेषित करते हुए अपनी समस्याओं से अवगत कराया। कलेक्टर ने आम नागरिकों से भेंट कर उनकी समस्याओं को सुनकर संबंधित विभाग के अधिकारियों को निराकरण के आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने इस दौरान दिव्यांग विवाह प्रोत्साहन योजना अंतर्गत दिव्यांग दम्पत्ति को एक लाख रूपए का चेक वितरण किया। उन्होंने जन-चौपाल में बेहतर मध्यान्ह भोजन संचालन के लिए शिक्षकों एवं सरपंचों को सम्मान किया। कलेक्टर ने किसानों को किसान किताब का वितरण किया। किसान-किताब मिलने पर किसानों ने खुशी जाहिर की।

जन-चौपाल कार्यक्रम में आज मोहभट्ठा में संचालित पत्थर उत्खनन एवं चलित प्रेशर मशीन से हो रहे प्रदूषण की शिकायत ग्रामीणों ने किया है। सरपंच सहित ग्रामीणों ने कलेक्टर को आवेदन देते हुए बताया कि यहां 20 वर्षो से शासकीय भूमि पर पत्थर उत्खनन एवं चलित प्रेशर संचालित हो रहा है। इसके चलते ग्राम रामपुर एवं मोहभट्ठा में खदान की गहराई अधिक होने से क्षेत्र में पेयजल विस्तार तथा कृषि कार्य हेतु बोर खनन नहीं हो पा रहा है। ग्रामीणों ने इस समस्या से शीघ्र निजात दिलाने की मांग की है। जन-चौपाल कार्यक्रम में आज घुमका के ग्राम पटेवा निवासी सोहदरी वर्मा ने प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत करने संबंधी आवेदन प्रेषित की है। इसी तरह इन खेदामारा के शिव कुमार मंडावी ने जाति प्रमाण पत्र बनाने, मुड़पार सुरगी के कामिनी साहू ने आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत करने संबंधी आवेदन प्रेषित किया है। इसी प्रकार ब्राह्मण पारा राजनांदगांव के विनोद सिंह ठाकुर ने शासकीय भूमि पर हो रहे अवैध निर्माण पर रोक लगाने, टोलागांव के सरपंच ने अपने गांव में संचालित स्कूल में अतिरिक्त कक्ष निर्माण करने संबंधी आवेदन प्रेषित किया है। प्राप्त सभी आवेदनों को ऑनलाइन पंजीकृत करने के साथ ही संबंधित विभाग में भेजे जाने की कार्रवाई की जा रही है। कलेक्टर के निर्देशानुसार सभी विकासखंडों में एसडीएम, तहसीलदार, जनपद सीईओ, सीएमओ द्वारा जनचौपाल का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें स्थानीय स्तर पर लोगों की समस्याओं का निदान किया जा रहा है।

1 अप्रैल से सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण का कार्य होगा प्रारंभ

■ **अधिकारी-कर्मचारियों की लगाई गई ड्यूटी**

गरियाबंद/नवप्रदेश। जिले में 01 अप्रैल से सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण का कार्य प्रारंभ होगा। इस हेतु विकासखण्ड स्तरीय अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी सुपरवाईजर एवं प्रगणक के रूप में लगाई गई है। इसके लिए टीमें घर-घर जाकर सर्वे का काम करेगी और डाटा एकत्र करेगी। उक्त सर्वेक्षण मूल रूप से एप्प बेस्ड होगा तथा समानांतर रूप से प्रपत्र में सर्वेक्षित परिवार की जानकारी भरकर हार्डकापी के रूप में सुरक्षित रखा जायेगा। ग्रामीण क्षेत्रों में निवासरत परिवारों का सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण 01 अप्रैल से 30 अप्रैल के मध्य किया जायेगा। कलेक्टर श्री प्रभात मलिक ने आज समय-सीमा की बैठक में अधिकारियों को सामाजिक, आर्थिक सर्वेक्षण कार्य की सभी तैयारियां पूर्ण कर लेने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि अधिकारी-कर्मचारी विभागीय समन्वय के साथ बेहतर कार्य करें। विभागीय लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते

हुए कलेक्टर ने कहा कि अधिकारी लोक सेवा गांरटी के प्रकरण समस-सीमा में निराकृत करना सुनिश्चित करे। उन्होंने निर्माण कार्य एजेंसी विभागों को खनिज विभाग में रायल्टी जमा करवाने तथा जनपद सीईओ को देवगुड़ी निर्माण कार्य का फोटो शेयर करने, 01 अप्रैल से उद्यानिकी विभाग को तर्रा में उद्यान नर्सरी कार्य प्रारंभ करवाने के निर्देश दिये। इसी प्रकार जिला परिवहन अधिकारी को ड्रायविंग लायसेंस बनवाने हेतु शिविर आयोजित करने, सीसीबी के नोडल अधिकारी को संबंधित शाखाओं में एटीएम सुविधा बढ़ाने निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि जिले में आंगनबाड़ी सहायिकाओं एवं कार्यकर्ताओं के रिक्त पदों की पूर्ति 30 अप्रैल तक पूर्ण कर लिया जाए। बैठक में वन मण्डलाधिकारी श्री मणिवासगन एस ने मुख्यमंत्री वन सम्पदा योजना के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए उक्त योजना से जुड़ने किसानों को प्रोत्साहित करने कहा। उन्होंने क्षेत्र में हाथियों के विचरण एवं अन्य वन्य प्राणियों से उत्पन्न स्थिति निपटने आवश्यक सुझाव की ओर अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट किया। बैठक में जिला पंचायत सीईओ रीता यादव, अपर कलेक्टर अविनाश भोई, एसडीएम राजिम पूजा बंसल, देवभोग एस.डी.एम अर्पिता पाठक डिप्टी कलेक्टर अनुपम आशीष टोप्पो, जिला कोषालय अधिकारी बी.के. तिवारी सहित समस्त विभाग के जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित थे।

शाला सुरक्षा के लिए शिक्षकों को दी प्रशिक्षण

कोंडागांव/नवप्रदेश। बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण आपदा प्रबंधन विभाग एवं शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वाधान में राज्य के समस्त विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों को अपेक्षित व अनापेक्षित आपदाओं से बचाव एवं सुरक्षा हेतु कोंडागांव के विकासखंड कोंडागांव के अंतर्गत आने वाले समस्त प्राथमिकए माध्यमिकए हाई स्कूल एवम हायर सेकंडरी में पदस्थ शिक्षकों में से एक एक शिक्षक को फोकल शिक्षक के रूप में प्रशिक्षित किया जा रहा है। प्रशिक्षण का उद्देश्य विद्यालय समुदाय, बच्चों शिक्षकों अभिभावकों में आपदाओं के जोखिमों की पहचान एवं उनके कुप्रभावों को कम करने के उपायों की समझ एवं क्षमता विकसित करनाएशाला परिसर को आपदा जोखिमों से सुरक्षित रखनाएबच्चो

के माध्यम से राज्य में आपदाओं से सुरक्षा की संस्कृति विकसित करना। शाला सुरक्षा कार्यक्रम को नियमित शिक्षण प्रक्रिया में समाहित कर बच्चों में आपदा प्रबंधन की संस्कृति विकसित करना। इसी तारतम्य में विकासखंड कोंडागांव के बीआरसी भवन एवं कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में विकासखंड के अंतर्गत आने वाले 73 संकुलों के शिक्षकों को प्रशिक्षण हेतु चार चरणों में विभाजित कर द्वितीय चरण का प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण में भूकंप, आगजनी, चक्रवाती तूफान, वज्रपात गर्मी शीतलहर, पर्यावरण, जलवायु परिवर्तन पेयजल, स्वच्छता एवं पोषण बिच्छू, सर्पदंश से बचाव, डेंगू मलेरिया, पानी में डूबने की घटनाए नाव दुर्घटना, सड़क दुर्घटना, भगदड़ बिजलिपात एपॉक्सो एक्ट बाल अधिकार, बाल विवाह, बाल शोषण तथा बच्चों से छेड़छाड़ की घटना इन सभी बिंदुओं पर चर्चा परिचर्चा किया गया।

कलेक्टर ने किसान सम्मेलन की तैयारियों का लिया जायजा

बलरामपुर/नवप्रदेश। जिले के ग्राम महराजगंज में 02 अप्रैल को आयोजित होने वाले किसान सम्मेलन की तैयारियां जोरों पर है, तथा उक्त कायक्र म में प्रदेश के कृषि मंत्री श्री रविन्द्र चौबे, आबकारी व वाणिज्यिक कर मंत्री कवासी लखमा, नगरीय प्रशासन व जिले के प्रभारी मंत्री डॉक्टर शिवकुमार डहरिया सम्मिलित होंगे। किसान सम्मेलन के माध्यम से करोड़ो रुपयों की लागत से विकास कार्यो का भूमिपूजन लोकार्पण किया जाएगा। वहीं किसान सम्मेलन की तैयारियों का जायजा लेने कलेक्टर श्री विजय दयाराम के. कार्यक्रम स्थल महराजगंज पहुँचे थे, जहाँ उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

दस साल से फरार आरोपी गिरफ्तार

कोंडागांव/नवप्रदेश। दस वर्ष पूर्व हत्या कर फरार रहने वाले स्थाई वारंटी को पुलिस ने गिरफ्तार करने सफल रही पुलिस अधीक्षक श्री दिव्यांग पटेल के आदेश से एडिशनल एसपी सोभराज अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिले के स्थाई वारंटी के गिरफ्तारी हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार दिनांक 6.7.6-2013 को पोहमार निवासी गागरा कश्यप पिता काण्डे कश्यप द्वारा संतुराम पिता सोनूरामए उम्र 22 वर्षए निवासी पोहमार के साथ मिलकर ढालुराम पिता स्व. लखमूराम उम्र 45 वर्षए निवासी पोहमारए पटेलपारा को धारदार हथियार से जान से मारकर हत्या कर दिये थे। जिस पर थाना मदार्पाल में धारा 302ए 34 भादवि ण्कायम कर विवेचना में लिया गया था एपरन्तु आरोपी 10 वर्ष से फरार था। जिससे माननीय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कोण्डागांव न्यायालय से आरोपी का स्थाई वारंट प्राप्त होने से वारंटी की गिरफ्तारी हेतु पतासाजी की जा रही थी। मुखबिर सूचना पर ग्राम करेकोंटए थाना मारण्डूमए जिला बस्तर में आरोपी स्थाई वारंटी के छुपने की जानकारी मिलने पर आरोपी के छुपने के संभावित स्थान पर जाकर घेराबंदी कर आरोपी को हिरासत में लेकर थाना मदार्पाल लाकर गिरफ्तार किया गया। जिसे माननीय न्यायालय के आदेश से जेल भेजा गया।संपूर्ण कायर्वाही में थाना प्रभारी मर्दापाल निरीक्षक रमन उसेण्डीए सहायक उपनिरीक्षक मोहन यादवए प्रधान आरक्षक घडवाराम मण्डावीए आरक्षक दीपक नागए घांसूराम यादव एवं सहायक आरक्षक गोवर्धन कश्यप की भूमिका सराहनीय।

55 लाख का धोखाधड़ी करने वाले आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

बेमेतरा/नवप्रदेश। गोविंदा ट्रेडर्स बेमेतरा से प्रार्थी देवरतन तापडिया पिता स्वं. लक्ष्मीचंद तापडिया उम्र 64 साल साकिन वार्ड नं. 16 दुर्ग रोड बेमेतरा ने लिखित आवेदन पेश किया कि 1 अप्रेल 2022 को मेसर्स एलीफेंट वर्क प्राइवेट लिमिटेड एमआई 30 अरिवंद विहार भोपाल मप्र व मेसर्स स्क्वारो एक्सिम प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के बीच में बांग्लादेश में गेहू नियत करने संबंधी कार्य के लिए अनुबंध हुआ था, जिसमें मेसर्स एलीफेंट वर्क प्राइवेट लिमिटेड कंपनी द्वारा मेसर्स स्क्वारो एक्जिम प्राइवेट लिमिटेड कंपनी को गेहूं निर्यात संबंध कार्य प्रारंभ करने से पहले 55 लाख रू दोगे तो मैं गेहूं निर्यात करने संबंधी एल.सी. लेटर लाकर दूंगा, कहने पर स्वधारो एक्जिम प्राइवेट लिमिटेड कंपनी की ओर से फर्म गोविंदा ट्रेडर्स बेमेतरा के द्वारा उक्त डील के लिए किस्त किस्त कर मेसर्स एलीफेंट वर्क प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के एकाउंट में कुल 55 लाख रु. जमा किया, मेसर्स एलीफेंट वर्क प्राइवेट लिमिटेड कंपनी द्वारा डुप्लीकेट एल.सी. लेटर दिया, जिसकी जानकारी होने पर उक्त कंपनी से संपर्क करने पर उक्त डील

के संबंध में कोई बात नहीं करता और न ही रकम वापस कर रहा हैं, मेसर्स एलीफेंट वर्क प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के डायरेक्टर जितेन्द्र सिंह सोलंकी द्वारा हमारे विश्वास का अपराधिक हनन कर तथ्यों को बेईमानी से छिपाकर संपत्ति का नुकसान कर धोखाधडी किया हैं की लिखित आवेदन पर डायरेक्टर जितेन्द्र सिंह सोलंकी के विरूद्ध अपराध सदर धारा 406, 415, 420 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

प्रकरण में विवेचना के दौरान थाना सिटी कोतवाली बेमेतरा स्टाफ द्वारा आरोपी मेसर्स एलीफेंट वर्क प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के डायरेक्टर आरोपी जितेन्द्र सिंह सोलंकी पिता महेन्द्र सिंह सोलंकी उम्र 47 साल साकिन ए 12 निरूपम स्टेट नियर बागसेवनिया दाना होशांगाबाद रोड गोपाल पाना बागसेवनिया जिला भोपाल म.प्र. को गिरफ्तार कर आज 30 मार्च को न्यायिक रिमांड पर भेजा जा रहा है। उक्त कार्यवाही वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सिटी कोतवाली बेमेतरा निरीक्षक अंबर सिंह भारद्वाज, उप निरीक्षक राकेश साहू, सउनि संतोष धुर्वे, प्रधान आरक्षक मोहित चेलक, गोपाल ध्रुव, अनुपम शर्मा एवं अन्य स्टाफ की सराहनीय भुमिका रही।

जन्मोत्सव पर भगवान श्री राम का विशेष श्रृंगार

कबीरधाम/नवप्रदेश। कबीरधाम जिले में आज बड़ी धूम धाम के साथ राम नवमी का पावन पर्व मनाया गया । श्री राम जानकी मेकरी मंदिर में बड़ी धूमधाम से रामनवमी मनाया गया भगवान श्री रामचंद्र जी का भव्य आरती किया गया व प्रसाद वितरण भी किया । नवरात्रि के आखिरी दिन रामनवमी का त्यौहार बेहद ही धूमधाम से मनाया जा रहा है। वही, प्रभु श्रीराम के प्राकट्य दिवस पर कवर्धा के राम भक्तो में अधिक उत्साह रहा। आज सुबह से ही श्रद्धालुओं का राम मंदिर में आगमन होता रहा। श्रीराम की भक्ति में लीन होकर श्रद्धालुओं द्वारा श्रीराम जन्मोत्सव को आज ऐतिहासिक बनाया गया।

भगवान श्रीराम का विशेष श्रृंगार

शंकराचार्यजी जन कल्याण न्यास के मुख्य प्रबंध ट्रस्टी चन्द्र प्रकाश उपाध्याय ने बताया आज श्रीरामनवमी के पावन पर्व पर श्री जानकीरमण प्रभु देवालय को कलकत्ता से आए विभिन्न प्रकार के सुगन्धित फूलों से कलकत्ता के मालियों द्वारा मंदिर परिसर को सजाया गया जहा भगवान श्रीराम जी का भव्य जन्मोत्सव मनाया गया। सुबह 9 बजे से विशेष पूजन अर्चना कर अभिषेक किया गया। ततपश्चात भगवान श्रीराम को विशेष कारीगरों द्वारा तैयार किया गया वस्त्र और स्वर्ण आभूषणों से भव्य श्रृंगार किया गया।

शहर में लगे श्रीराम नाम के जयकारे

धर्म नगरी के नाम से प्रसिद्ध कवर्धा के कचहरी पारा स्थित प्रभु श्री जानकी रमण प्रभु देवालय राम मंदिर में रामनवमी पर सुबह से ही भक्तो द्वारा जोरो से तैयारियां की जा रही थी। भक्तों में भी काफी उत्साह देखा गया राम नाम की गूंज से पूरा शहर भक्ति मय हो गया।

भगवान श्रीराम को लगाया गया विशेष भोग

मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित अखिलेश शुक्ला व अनुराग शुक्ला के द्वारा ठीक 12 बजे भगवान श्री रामजी का जन्म होते ही विशेष पूजा कर आरती किया गया। साथ ही मालपुआ और पंजरी का भोग लगाया गया। वही मंदिर प्रांगण पर प्रभुराम के जन्म होते ही भक्तो द्वारा आतिशबाजी व पारम्परिक ढोल नगाड़े की थाप पर सोहरगीत गाते हुए नाचते झूमते रहे।

2 वर्ष पुराने पंजीयन वाले ही बेरोजगारी भत्ते के लिए होंगे पात्र

■ **नया पंजीयन कराने वालों को बेरोजगारी भत्ते की पात्रता नहीं**

बेमेतरा/नवप्रदेश। कुछ स्थानों से ऐसी सूचना मिली है कि रोजगार कार्यालयों में पंजीयन कराने के लिये बहुत सारे लोगों की भीड़ लग रही है, जिसके कारण कुछ स्थानों पर अव्यवस्था की स्थिति निर्मित हुई। इस संबंध में यह स्पष्ट किया जाना अत्यंत आवश्यक है कि बेरोजगारी भत्ता प्राप्त करने के लिये रोजगार कार्यालय में नया पंजीयन कराने की आवश्यकता नही है क्योंकि बेरोजगारी भत्ते की पात्रता केवल उन्हीं व्यक्तियों को है जिनका पंजीयन कम से कम 2 वर्ष पुराना है, नया पंजीयन कराने वालों को बेरोजगारी भत्ते की पात्रता ही नहीं है, यह बात भी ध्यान देने योग्य है कि पंजीयन के लिये रोज़गार कार्यालय आने की आवश्यकता नही है। ऑन लाइन पंजीयन पोर्टल पर घर बैठे किया जा सकता है. 3 वर्ष पुराने पंजीयन का नवीनीकरण अंतिम तारीख बीत जाने के बाद भी 2 माह के भीतर कभी भी कराया जा सकता है, इसलिये नवीनीकरण के लिये भी किसी प्रकार की जल्दीबाजी करने की आवश्यकता नही है. बेरोजगारी भत्ते के लिये आवेदन का ऑन-लाइन पोर्टल 1 अप्रैल से खुलेगा आवेदन करने के लिये रोजगार कार्यालय आने की आवश्यकता नही है. आवेदन किसी भी स्थान से ऑन लाइन पोर्टल पर किया जा सकता है। चॉइस सेंटरों पर भी आवेदन किया जा सकता है. इस पोर्टल का यू. आर. एल. है http://berojgaribhatta.cg.nic.in/PrintEmplCard.aspx. -

आवेदन के ये दस्तावेज जरूरी : सभी आवेदकों को सलाह दी जाती है कि आवेदन का फार्म भरने के पूर्व वे एक वर्ष के भीतर का आय प्रमाणपत्र, मूल निवासी प्रमाणपत्र, कक्षा दसवीं की मार्कशीट या प्रमाणपत्र जिसमें जन्मतिथि लिखी हो, कक्षा 12 वीं की मार्क शीट या प्रमाणपत्र, आधार कार्ड, पासपोर्ट साइज़ फोटो एवं रोजगार पंजीयन कार्ड तैयार रखें क्योंकि यह दस्तावेज़ आवेदन फार्म में अपलोड करने होंगे।

आवेदन सत्यापन के लिए आएगा बुलावा

आवेदन के बाद सभी आवेदकों को दस्तावेजों के नैतिक सत्यापन के लिये पहले से समय देकर बुलाया जायेगा। ग्रामीण क्षेत्रों में 3-5 पंचायतों, तथा नगरीय क्षेत्रों में 3-4 वार्डों के समूह के क्लस्टर बनाये जायेंगे, दस्तावेजों का सत्यापन इन क्लस्टरों में किया जायेगा, जिससे किसी भी आवेदक को दस्तावेज सत्यापन के लिये अपने घर से दूर न जाना पड़े। सत्यापन स्थल पर आवेदकों के बैठने, आदि की अच्छी व्यवस्था होगी। सत्यापन के लिये पर्याप्त संख्या में अधिकारियों की टीमें भी उपलब्ध रहेगी।

बैंक खाते की देनी होगी जानकारी

आवेदन पत्र में आवेदक के बैंक खाते की जानकारी ली जा रही है, जिसका सत्यापन बैंक मेनेजर से कराने के बाद बेरोज़गारी भत्ते की राशि आवेदक के बैंक खाते में प्रतिमाह सीधे भेजी जायेगी। आवेदक कृपया ध्यान रखकर अपने बैंक खाते की सही जानकारी भरें, जिससे उन्हें बेरोजगारी भत्ता मिलने में कोई कठिनाई न हो. आवेदक को अपने ही बैंक खाते की जानकारी भरनी है, किसी अन्य व्यक्ति के बैंक खाते की नहीं, अन्यथा बैंक मेनेजर सत्यापन के समय बैंक खाते को गलत बतायेगा, और बेरोजगारी भत्ते की राशि उस खाते में अंतरित नही होगी।

विधायक मंडावी 10 दिनों में आरोप सिद्ध करें नहीं तो मानहानि का केस करूंगा : गागड़ा

बीजापुर/नवप्रदेश। विधायक 10 दिवस के भीतर आरोप सिद्ध करें नहीं तो मानहानि का दावा करने की बात पूर्व मंत्री गागड़ा ने कही है। स्थानीय विधायक ने प्रेसवार्ता कर पूर्व मंत्री गागड़ा पर तेंदूपत्ता ठेकेदार से लाखों रुपए पैसे लेनदेन करने का सनसनीखेज आरोप के बाद गागड़ा ने पत्रकार वार्ता में पलटवार करते हुए आरोप सिद्ध करने की चुनौती दी है। भैरमगढ़ ब्लॉक के इंद्रावती नदी तट पर बसे आदिवासी ग्रामीणों का तेंदूपत्ता तोड़ाई और वाहन से ढुलाई का भुगतान एक वर्ष से नहीं होने को लेकर ग्रामीणों ने पूर्व मंत्री से शिकायत की थी। विषय को लेकर डीएफओ से शिकायत की गई और भाजपा ने नेशनल हाइवे जाम कर विरोध भी किया था। जिसके बाद भी आज पर्यंत तक लाखों रुपये भुगतान नहीं हुआ है। इसी विषय को लेकर विधायक ने गागड़ा पर पैसे लेनदेन का आरोप लगाया है। विधायक के आरोप के बाद पूर्व मंत्री महेश गागड़ा ने पत्रकार वार्ता की और विधायक पर जमकर पलटवार करते हुए कहा विधायक आदिवासियों के हित में खड़ा न होकर ठेकेदार का प्रवक्ता बनकर निराधार आरोप लगा रहे हैं। विधायक को चुनौती है वे आरोप सिद्ध करे चूंकि क्षेत्र में बन रही बुरी स्तिथि से घबराकर उलजुलूल बयान दिया है। आरोप निराधार और हास्यप्रद है, विभाग, सरकार और पुलिस इनकी है वे जांच करवाएं। वहीं गागड़ा ने कहा भाजपा हितग्राहियों के हित मे ज्ञापन, पुलिस, विभागीय, मीडिया, सोशल मीडिया व अन्य माध्यमों से लड़ रही है लेकिन विधायक कहीं न कहीं ठेकेदार और डीएफओ को बचाने का प्रयास कर रहे हैं। आंदोलन के बाद भी भुगतान नहीं हुआ है। इस पर विधायक चुप्पी क्यों साधे है। आगामी दिनों में डीएफओ कार्यालय घेराव आंदोलन को भटकाने के लिए इस प्रकार का आरोप लगा रहे। गागड़ा ने बताया कि विधायक के आरोप पर पुलिस अधीक्षक को आवेदन दे रहा हूं। उक्त विषय पर निष्पक्ष जांच हो और जांच दस दिवस के भीतर हो जांच में दूध का दूध पानी का पानी हो जाएगा। वहीं विधायक पर कहा कि विधायक अपने आरोप को साबित करे दस दिन के अंदर, नहीं हुआ साबित तो विधायक पर मानहानि का दावा करने की बात गागड़ा ने कही है।

घास काटने वाली मशीन से ठेका कर्मी का कटा गला

कोरबा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के कोरबा में सीएसईबी के डीएसपीएम पावर प्लांट में गुरुवार को एक ठेका कर्मचारी गंभीर रूप से घायल हो गया। घास काटने के दौरान मशीन का ब्लेड टूटकर उसके गले में जा घुसा। इसके चलते कर्मचारी का गला कट गया। हादसे के बाद उसे स्थानीय सीएसईबी हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां उसकी हालत देख जिला मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया था। बताया जा रहा है कि वहां भी ठेका कर्मचारी की हालत ठीक नहीं थी। इसे देखते हुए उसे प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के मुताबिक, लालघाट निवासी लक्ष्मण तिविर (40) सीएसईबी के डीएसपीएम पावर प्लांट में ठेका कर्मचारी के रूप में काम करता है। वह ठेकेदार लक्ष्मण एमके पटेल के अंतर्गत ठेका कर्मी है। लक्ष्मण प्लांट में रोज की तरह गुरुवार को भी घास काटने के लिए पहुंचा था। दोपहर में उसने जैसे ही घास काटने वाली मशीन को चालू किया, उसका ब्लेड टूट कर सीधे लक्ष्मण के गले में जा घुसा। इस पर लक्ष्मण वहीं बेहोश होकर गिर पड़ा। आसपास के कर्मचारियों ने उसे देखा तो लेकर विभागीय अस्पताल पहुंचे। डॉक्टरों ने उसे चेक किया और हालत गंभीर देख लक्ष्मण को मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। बताया जा रहा है कि वहां भी उसकी हालत नाजुक बनी हुई थी। इस पर परिजन लक्ष्मण को निजी अस्पताल लेकर गए हैं। जिला मेडिकल कॉलेज ने जिला अस्पताल मेमो भेजकर घटना की जानकारी दी है। जिला अस्पताल चौकी प्रभारी रविंद कुमार जनार्दन ने बताया कि मेमो मिला है, लेकिन घायल को परिजन निजी अस्पताल लेकर चले गए हैं। इस संबंध में संबंधित थाना चौकी को सूचना देकर बयान दर्ज किया जाएगा।

हज यात्रियों का चयन आज

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य हज कमेटी के चेयरमैन मोहम्मद असलम खान ने बताया की, हज कमेटी ऑफ़ इंडिया मुंबई से प्राप्त सूचना अनुसार हज 2023 के लिए आवेदन किये हज यात्रियों का सेंट्रलाइज्ड मोड पर रेंडम डिजिटल सिलेक्शन 31 मार्च 2023 को दोपहर 3.00 बजे से किया जावेगा। हज यात्रियों द्वारा उनके सिलेक्शन की जानकारी हज कमेटी ऑफ़ इंडिया कीवेबसाइट www. hajcommittee. gov. in एवं राज्य हज कमेटी की वेब साइट www. cgstate. gov.in/web/ haj-committee से प्राप्त की जा सकेगी। अधिक जानकारी के लिए कार्यालय छत्तीसगढ़ राज्य हज कमेटी रायपुर के दूरभाष क्रमांक 0771-4266646 पर संपर्क किया जा सकता है।

खेत में जुताई के दौरान पलटा ट्रैक्टर, तीन साल के मासूम की मौत

बालोद/नवप्रदेश। छग के बालोद जिले के डौंडी विकासखंड से एक हादसा हो गया। खेत में जुताई करते समय अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर पलट गया। जिससे पिता एवं पुत्र ट्रैक्टर में ही दब गए। जहां पर तीन वर्षीय मासूम ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। वहीं, पिता की हालत नाजुक बनी हुई है। जानकारी के अनुसार दोनों डौंडी ब्लाक के ग्राम लिम्हा टोला के निवासी हैं और पिता अपने गांव से ट्रैक्टर लेकर कच्चे में खेत की जुताई करने गया था जहां वह अपने बेटे को भी ले गया था। घटना डौंडी थाना इलाके के कच्चे गांव की है जहां से कुछ दूरी पर स्थित लिमहाटोला गांव में ओमकार के मौसा रहते हैं। वहीं, वह ट्रैक्टर चलाने के लिए आया था। गुरूवार को ओमकार ट्रैक्टर लेकर खेत की जुताई करने के लिए कच्चे गांव गया हुआ था साथ मे अपने तीन साल के बेटे को भी ले गया था। जहां इस दर्दनाक घटना का दोनों शिकार हो गए। बताया जा रहा है कि वह खेत की जुताई कर रहा था तो ट्रैक्टर अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया। जिसके चलते ट्रैक्टर सवार पिता पुत्र ट्रैक्टर में ही दब गए। घटना के बाद वहां मौजूद लोगों ने दोनों को डौंडी स्थित शासकीय अस्पताल पहुंचाया। जहां तीन साल के मासूम को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। तो वहीं, पिता बुरी तरह घायल हो गया जिसका इलाज जारी है।

नक्सलियों ने पुल निर्माण कार्य में लगी मशीनें और मोबाइल टॉवर जलाया

नारायणपुर/कोंडागांव/नवप्रदेशा। छत्तीसगढ़ में नक्सलियों का उत्पात जारी है। इस बार फिर नक्सलियों ने नारायणपुर में पुल निर्माण कार्य में लगीं मशीनों में आग लगा दीं। मशीनों में स्थानीय ठेकेदार के मिक्सर मशीन और पानी पंप शामिल है जिसमे आगजनी की गई है। कुछ दिनों में नक्सली जिले में आगजनी की कई घटनाओं को अंजाम दे चुके हैं। वहीं कोंडागांव में मोबाइल टावर जला दिया है। जानकारी के मुताबिक, नारायणपुर के कुरुसनार थाना क्षेत्र के ग्राम गुमिया बेड़ा में पुल निर्माण का काम चल रहा है। नक्सलियों ने बुधवार देर रात यहां लगी मशीनों में आग लगा दी। निर्माणाधीन कोडोली से झारावाही, आंकाबेड़ा मार्ग में कई पुल-पुलिया का निर्माण कार्य चल रहा है। जहां दिन में सुरक्षा व्यवस्था मे के जवान तैनात होते हैं, लेकिन रात के समय जब कोई नहीं होता है। वहीं दूसरी ओर कोंडागांव में भी नक्सलियों ने बुधवार रात करीब नौ बजे बयानार थाने से करीब चार किलोमीटर दूर ग्राम चेरंग स्थित जियो के मोबाइल टावर में आग लगा दी। इसके चलते टावर में लगी बैटरी जल गई।

आईईडी ब्लास्ट में सीआरपीएफ जवान गंभीर रूप से घायल

जगदलपुर/नवप्रदेश। बस्तर संभाग के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में गुरुवार की सुबह नक्सलियों के द्वारा लगाए गए आईईडी बम की चपेट में आने की वजह से सुरक्षाबल का एक जवान घायल हो गया है। घायल जवान को बेहतर उपचार के लिए रायपुर रिफर किया गया है। जानकारी के अनुसार, सीआरपीएफ 165 बटालियन की एक टीम गुरूवार सुबह करीबन 9:30 बजे बीजापुर के नेलसनार और बांगापाल थाना क्षेत्र में सर्चिंग पर निकली हुई थी। सर्चिंग के दौरान लगभग 11:30 बजे जवानों की टीम नेलसनार और पांडेमुर्गा के बीच बने पुलिया के पास सड़क किनारे से गुजर रही थी। इसी बीच जवानों के साथ चल रहे बम निरोधक दस्ते को सड़क किनारे एक आईईडी बम की जानकारी मिली। जिसे नक्सलियों ने जवानों को नुकसान पहुंचाने के लिए लगा रखा था। जिसके बाद बम निरोधक दस्ते उक्त आईईडी बम को निष्क्रिय करना शुरू किया। बम निष्क्रिय करते समय ही बम अचानक ब्लास्ट हो गया। ब्लास्ट होने पर बम निरोधक दस्ते में शामिल आरक्षक रवि कुमार घायल हो गया। घायल जवान को हाथ और पैर में चोट लगी है। उक्त घटना में घायल जवान की स्थिति खतरे से बाहर बताई गई है। प्राथमिक उपचार के बाद घायल जवान को बेहतर उपचार के लिए रायपुर रिफर कर दिया गया है। बस्तर आईजी सुंदरराज पी ने घटना की पुष्टि की है।